तापमान

अधिकतम 27.8 डिग्री

न्यूनतम 23.0 डिग्री

हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, सोमवार 20 जुलाई 2026

(10) शिक्षा के निजीकरण से गरीब व मेहनतकशों...



(11) साल भर पहले लगाए पौधे सुरक्षित, शनिदेव ...






## 10वीं-12वीं पास विद्यार्थी ध्यान दें- औद्योगिक सुरक्षा एवं अग्निशमन प्रशिक्षण द्वारा नौकरी सुनिश्चित करें...

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान है, भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते है, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंधन पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्ध कराना है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपुर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं




विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे है संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्याथियों को सरकारी प्रमाण पत्र प्रदान किया जावेगा। प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। **अधिक जानकारी के लिए-**

**पता: फायर सेफ्टी एवं डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)**

**संपर्क करें: मो. 7697212782**

Advt.



प्रवेश प्रारंभ

**श्रेयस (प्रा.) I.T.I.**

Affiliated By : NCVT & DGET)
New Delhi (Govt. of India)

ट्रेड-इलेक्ट्रिशियन, कोपा, डीजल मैकेनिक, फिटर

योग्यता-10वीं पास (प्राइवेट, ओपन, पत्राचार, नियमित)

अनुभवी प्रशिक्षक

अतिशीघ्र प्रवेश लेवें, प्रथम प्रवेशित 50 छात्रों को विशेष छूट

पता: ग्राम व पोस्ट ढौर (जामुल), जिला-दुर्ग (छ.ग.)

मो. 9479207995, 9993776717, 9755112637


# 108 दिनों में 2.96 लाख कॉल, 86 हजार मरीजों तक पहुंची नई 108 संजीवनी एक्सप्रेस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

छत्तीसगढ़ में शुरू की गई नई 108 संजीवनी एक्सप्रेस ने 18 जुलाई को 108 दिन पूरे कर लिए। मात्र 108 दिनों में ही 2.96 लाख कॉल, 86 हजार मरीजों तक पहुंची नई 108 संजीवनी एक्सप्रेस पहुंची है। इस तरह आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में अपनी प्रभावशीलता साबित की है। नई एम्बुलेंस सेवा ने हजारों लोगों को समय पर चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराकर कई जिंदगियां बचाई हैं।

प्रदेश सरकार ने जनवरी 2026 में नई 108 एम्बुलेंस सेवाओं का शुभारंभ किया था। अत्याधुनिक तकनीक, बेहतर चिकित्सा उपकरणों और प्रशिक्षित आपातकालीन चिकित्सा तकनीशियनों (ईएमटी) से सुसज्जित इन वाहनों ने राज्य की आपातकालीन स्वास्थ्य व्यवस्था को नई मजबूती प्रदान की है। सेवा का उद्देश्य दुर्घटना, हृदयाघात, स्ट्रोक, गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं जैसी आपात स्थितियों में त्वरित चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराना है। विभागीय आंकड़ों के अनुसार पिछले 108 दिनों में 108 संजीवनी एक्सप्रेस को 2.96 लाख से अधिक आपातकालीन कॉल प्राप्त हुए। इस दौरान 86,500 से अधिक मरीजों को समय पर एम्बुलेंस सुविधा उपलब्ध कराई गई। सेवा ने सभी मामलों में समयबद्ध प्रतिक्रिया सुनिश्चित करते हुए आपातकालीन चिकित्सा सहायता पहुंचाने में उल्लेखनीय सफलता हासिल की।

**108 एम्बुलेंस सेवा के 108 दिन पूरे**

### 6500 से ज्यादा सड़क दुर्घटना पीड़ितों का उपचार



नई 108 सेवा के माध्यम से 6,500 से अधिक सड़क दुर्घटना पीड़ितों को त्वरित उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। वहीं 5,000 से अधिक गर्भवती महिलाओं को सुरक्षित संस्थागत प्रसव के लिए स्वास्थ्य केंद्रों तक पहुंचाने में सहायता मिली। इसके अलावा 174 नवजात एवं शिशुओं को विशेष चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराई गई तथा 5,300 गंभीर हृदयाघात और स्ट्रोक मरीजों को "गोल्डन ऑवर" के भीतर उपचार केंद्रों तक पहुंचाया गया।स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक नई 108 संजीवनी एक्सप्रेस केवल एक एम्बुलेंस सेवा नहीं, बल्कि संकट की घड़ी में लोगों के लिए जीवन और मृत्यु के बीच खड़ी उम्मीद बनकर उभरी है। सेवा की उपलब्धियां स्वास्थ्य विभाग की बेहतर योजना, प्रभावी क्रियान्वयन और जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं।

### प्रमुख उपलब्धियां

- 2.96 लाख से अधिक आपातकालीन कॉल प्राप्त
- 86,500 से अधिक मरीजों तक समय पर एम्बुलेंस पहुंची
- 100 प्रतिशत मामलों में समयबद्ध प्रतिक्रिया का प्रयास
- 6,500 से अधिक सड़क दुर्घटना पीड़ितों को सहायता
- 5,000 से अधिक गर्भवती महिलाओं को सुरक्षित प्रसव हेतु पहुंचाया
- 174 नवजात एवं शिशुओं को विशेष चिकित्सा सहायता
- 5,300 गंभीर हृदयाघात व स्ट्रोक मरीजों को गोल्डन ऑवर में उपचार केंद्र पहुंचाया
- हर मिनट, हर घंटे, हर दिन—जीवन बचाने का संकल्प लेकर 108 संजीवनी एक्सप्रेस प्रदेशभर में सेवाएं दे रही है।

## खबर संक्षेप

### अवैध शराब बेचने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** अवैध रूप से शराब बेचने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उतई पुलिस ने बताया कि ग्राम उमरपोटी स्थित गौठान के पास अवैध शराब बेचने की सूचना मिली थी। पुलिस ने मौके में पहुंच कर दबिश दिया जहां से ग्राम पंचायत रोड, ग्राम गोडपेण्ड्री, उतई निवासी भुनेश्वर आग्नेकर उर्फ भुवनु, नकुल वर्मा को पकड़ा गया। आरोपियों के पास से पुलिस ने एक सफेद प्लास्टिक बोरी में रखी 30 पौवा देशी मदिरा प्लेन शराब (कुल 5.4 बल्क लीटर) कीमत 2,400 रुपए का जब्त किया गया।

### ऑटो में सवार यात्री की जेब से 74 हजार किया पार, दो गिरफ्तार



**भिलाई।** आटो सवारी के जेब से रकम निकालने के मामले में पुलिस ने चालक व उसके साथी को गिरफ्तार किया है। भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि भिलाई 3 निवासी अरविंद कुमार अपने कार्यालय से केनरा बैंक, चरोदा शाखा, भिलाई 3 में 74 हजार रुपए जमा करने के लिए आटो से जा रहा था। इस दौरान नीले-सफेद रंग के ऑटो में सवार हुआ। जिसमें पहले से दो युवक सवार थे। ऑटो चालक द्वारा पीड़ित को पहले पीछे एवं बाद में आगे बैठाया गया। केनरा बैंक तक न ले जाकर ज्योति कटिंग, चरोदा के पास आटो चालक ने उतार दिया। वहां उतरने के बाद पीड़ित अपनी जेब की टटोलना शुरु किया तो उसके रकम गायब मिले। पीड़ित ने तुरंत पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। जांच करने पर संदेह के आधार पर ऑटो सीजी 07 डीबी 6016 के चालक और उसके साथी को हिरासत में लिया। पूछताछ करने पर अपना नाम हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, जामुल निवासी बॉबी गुरजीत सिंह, धीरज वर्मा होना बताया है।

### जिले में अब तक 336.6 मिमी औसत वर्षा दर्ज

# दूसरे दिन 29.13 मिमी बारिश, खेती किसानी के कार्य में आने लगी तेजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

**खास खबर**



जिले में रविवार को हुई अच्छी बारिश से किसानों में खुशी का माहौल है। हालांकि यह बारिश दूसरे दिन भी हुई है। पर्याप्त वर्षा का इंतजार कर रहे किसानों के लिए यह बारिश खरीफ फसलों, विशेषकर धान की बुवाई और अंकुरण के लिए लाभकारी साबित होगी। एक ही दिन में 29.13 मिलीमीटर की बारिश हुई है। इस बारिश से दुर्ग जिले में इस मानसूनी सीजन में अब तक 336.6 मिलीमीटर बारिश हो चुकी है। तीन दिन से आसमान पर काले बादल छाए हुए थे। ऐसा लगने लगा था कि अब तब बारिश होगी लेकिन बरस नहीं रहे थे। रविवार को हुई बारिश न केवल शहरी बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी नजर आया। इससे तापमान में भी काफी गिरावट आई है। दुर्ग का अधिकतम तापमान घटकर 27.8 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### सर्वाधिक बारिश अब तक बोरी तहसील में

कार्यालय कलेक्टर भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून 2026 से 19 जुलाई तक जिले में कुल 336.6 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। इस अवधि में जिले की विभिन्न तहसीलों में वर्षा का वितरण अलग-अलग रहा। सर्वाधिक 462.1 मिमी वर्षा बोरी तहसील में दर्ज की गई, जबकि सबसे कम 230.7 मिमी वर्षा धमधा तहसील में रिकॉर्ड की गई। अन्य तहसीलों की बात करें तो दुर्ग तहसील में 363.7 मिमी, पाटन में 375.6 मिमी, भिलाई-3 में 304.1 मिमी तथा अहिवारा में 283.1 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।

### रविवार को पाटन में सबसे अधिक बारिश

19 जुलाई को हुई वर्षा के आंकड़ों के अनुसार जिले में सबसे अधिक 16.2 मिमी वर्षा पाटन तहसील में दर्ज की गई। इसके अलावा दुर्ग में 6.4 मिमी, बोरी में 3.0 मिमी, धमधा में 2.7 मिमी तथा भिलाई-3 में 2.0 मिमी वर्षा दर्ज की गई। अहिवारा तहसील में वर्षा नहीं हुई।

### नमी मिलने से अंकुरण होगा बेहतर

जिले के कई क्षेत्रों में बारिश की कमी के कारण धान की बुवाई प्रभावित हो रही थी, लेकिन हाल की बारिश से खेतों में नमी बढ़ी है और किसानों को खेती-किसानी के कार्यों में तेजी लाने का अवसर मिलेगा। कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि जुलाई के दूसरे पखवाड़े में हुई यह बारिश धान की फसल के लिए काफी महत्वपूर्ण है। नमी मिलने से अंकुरण बेहतर होगा और बुवाई नहीं की है, उन्हें भी राहत मिलेगी।

### आज भी भारी वर्षा की चेतावनी

मौसम विभाग ने 20 जुलाई के लिए आकाश सामान्यतः मेघमय रहेगा। प्रदेश के अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा की संभावना व्यक्त की है। साथ ही कुछ स्थानों पर भारी वर्षा तथा गरज-चमक के साथ वज्रपात होने की चेतावनी भी जारी की गई है। अगले दो दिनों के दौरान भी प्रदेश में वर्षा की गतिविधियां बनी रहने का अनुमान है। तापमान स्थिर रहने का अनुमान है।

### सिस्टम सक्रिय होने से बढ़ी वर्षा की संभावना

मौसम विभाग के अनुसार वर्तमान में कई मौसम प्रणालियां सक्रिय हैं। उत्तरी उत्तराखंड और उससे लगे बिहार क्षेत्र के ऊपर समुद्र तल से लगभग 1.5 किलोमीटर की ऊंचाई तक ऊपरी हवा का चक्रवाती परिसंचरण बना हुआ है। वहीं उत्तरी बिहार से उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी तक झारखंड और गंगा के पश्चिम बंगाल क्षेत्र से होते हुए एक द्रोणिका बनी हुई है। इसके अलावा उत्तरी तटीय आंध्र प्रदेश और उससे लगे दक्षिणी छत्तीसगढ़ के ऊपर समुद्र तल से लगभग 5.8 किलोमीटर की ऊंचाई पर ऊपरी हवा का चक्रवाती परिसंचरण सक्रिय है। इन मौसम प्रणालियों के प्रभाव से छत्तीसगढ़ में वर्षा की गतिविधियों में वृद्धि होने की संभावना जताई गई है।

### प्रॉपर्टी डीलर की नाले में गिरने से मौत

मिली जानकारी के मुताबिक चंद्रनगर निवासी जी शंकर राव प्रॉपर्टी डिलिंग का काम करता है। शनिवार रात अपने घर लौटते समय लक्ष्मीनगर मार्केट पास सड़क किनारे खुली नाली में एक्टीवा सीजी-07 एलएक्स 5356 नाली में सीधे जा गिरी। जिसमें शंकर राव की मौके पर ही मौत हो गई। बारिश के चलते नाली में पानी भरा हुआ था, जो समतल दिख रहा था। इस कारण एक्टीवा का चक्का नाली में घुस गया। जिससे मौके पर ही शंकर राव की मौत हो गई।

### प्रशासन द्वारा जारी एडवाइजरी बेअसर, पब्लिक परेशान

# जलभराव और सिरसा गेट मार्ग बंद होने से ट्रैफिक जाम के हालात



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई





ट्रैफिक पुलिस ने नागरिकों को सुविधा के लिए रायपुर- दुर्ग नेशनल हाईवे स्थित कुम्हारी ओवरब्रिज के समीप चंदनडीह क्षेत्र में जलभराव होने के कारण ट्रैफिक प्रभावित है। वाहनों की आवाजाही धीमी गति से हो रही है। इसके अलावा निर्माण कार्य के चलते सिरसा गेट मार्ग पूर्णतः बंद है। इस मार्ग का उपयोग किसी भी प्रकार के वाहन द्वारा नहीं किया जा सकता। ट्रैफिक का दबाव कम करने एवं आमजन को सुरक्षित सुगम आवागमन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मार्ग निर्धारित किए गए हैं। जिसमें राजनांदगांव की ओर से रायपुर जाने वाले वाहन अंजोरा बाईपास, पुलगांव चौक, अंडा ,रिसामा गाड़ाडीह, मर्रा ,जामगांव (एम) , मोतीपुर, अमलेश्वर, रायपुर। बालोद से रायपुर जाने वाले अंडा रिसामा, गाड़ाडीह मर्रा, जामगांव (एम), मोतीपुर, अमलेश्वर ,रायपुर। ट्रांसपोर्ट नगर भिलाई नेशनल हाईवे से रायपुर जाने वाले वाहन अहिरवारा मोड़, कुम्हारी, मुरमुंडा चौक , कोचेबंद, मलपुरी कला , भालेसर, कंडरका चौक , पथरीडी , उरला, बिरगांव , रायपुर। भिलाई एवं भिलाई स्टील प्लांट के कर्मियों के रायपुर जाने वाले वाहन उतई, सेलूद, फूंडा मोतीपुर मार्ग से निकलेगे।

### भिलाई-3 पुलिस की कार्रवाई, आरोपियों को भेजा जेल

# कमीशन के लालच में की साइबर ठगी, 9 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



म्यूल खाता मामले में पुलिस ने 9 युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी कमीशन के लालच में साइबर ठगों को खाता उपलब्ध कराया था।

भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि विवेचना एवं तकनीकी विश्लेषण से पता चला कि 2000-10 रुपए लेकर कमीशन कमाने के चक्कर में ठगों को खाता किराए में दिया जाता था। पुलिस ने ग्राम फुंडा, थाना बोरी निवासी लक्की खुटेल, गौतम नगर सुपेला भारत गिरी, खुर्सीडीह, नगपुरा भोज ठाकुर, चोमन साहू, फुंडा बोरी कमलेश देशलहरे,ग्राम मचान्दुर उतई रमाकांत साहू, लक्ष्मी नारायण चौक, अहिवारा नंदनी नगर आकाश भट्ट, ग्राम दानिया, थाना बोरी (एजेंट) संजय निषाद, ग्राम कुर्सीडीही, नगपुरा मनोज कुमार साहू को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से पुलिस ने बैंक पासबुक, एटीएम कार्ड, चेकबुक, सिम कार्ड, मोबाइल फोन, बैंकिंग समेत अन्य दस्तावेज जब्त किया है।





**शैलदेवी महाविद्यालय**

Affiliated to Hemchand Yadav University, Durg

अंडा, दुर्ग | NAAC A | 9575037637, 6265377477

ADMISSION OPEN

BA (Home Science Geography) | BCom | MCom | Girls/Boys Hostel

BCA | DCA | PGDCA | Scholarship - 8000 to 13000/-

BSc Maths CS/Bio | MSc Physics/CS Chemistry

MSW | B.Lib

पढ़ाई के साथ-साथ सरकारी नौकरी की तैयारी भी...

Diploma in YOGA

B.Ed, D.El.Ed, B.Sc B.Ed.

## खबर संक्षेप



### सांसद विजय का विदेश यात्रा जाने से पहले सदस्यों ने किया स्वागत

**भिलाई।** रविवार को रायपुर स्थित स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट पहुंचकर सांसद विजय बघेल को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के आधिकारिक प्रतिनिधिमंडल के सदस्य के रूप में विदेश यात्रा पर प्रस्थान करने के अवसर पर विजय साहू के नेतृत्व में सदस्यों ने शुभकामनाओं सहित विदाई दी। सांसद विजय बघेल मोल्दोवा, उत्तर मैसेडोनिया एवं रोमानिया की राजकीय यात्रा में भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। इस अवसर पर पंकज शर्मा, परमजीत सिंह, अभिषेक वर्मा, दीपांशु सहित अनेक शुभचिंतक उपस्थित थे।

### महापौर अलका बाघमार ने बाटे ऑफर लेटर

**दुर्ग।** महापौर अलका बाघमार ने स्किल डेवलपमेंट ट्रेनिंग सेंटर अंजोरा के 11 प्रशिक्षण पूर्ण करने के बाद छात्र-छात्राओं को प्रमाणपत्र वितरण किया गया। महापौर ने सभी छात्राओं से सामान्य बातचीत की उनका परिचय पूछा जॉब के लिए उन्हें मोटिवेट भी किया। प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन द्वारा संचालित स्किल डेवलपमेंट ट्रेनिंग सेंटर अंजोरा मल्टीफंक्शनल ऑफिस एसोसिएट डिपार्टमेंट के 12 छात्र-छात्राओं को 45 दिन प्रशिक्षण पूर्ण करने के बाद रोजगार मिला। इस प्रशिक्षण से बेरोजगार युवाओं को रोजगार अवसर मिल रहा हैं युवाओं को शैक्षणिक योग्यता के आधार पर मल्टीफंक्शनल ऑफिस असोसिएट का प्रशिक्षण में इण्डस्ट्रीज की उपयोगी जानकारी सिखाई जा रही है। एमआईसी सदस्य शेखर चन्द्राकर, ज्ञानेश्वर ताम्रकर, पार्षद लोकेश्वरी ठाकुर, सरिता चंद्राकर ने युवाओं को शुभकामनाएं दी।

# हर नागरिक को मिले शीघ्र और सुलभ न्याय, डिजिटल मॉड्यूल पर हुई कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

हाईकोर्ट के निर्देश और जिला एवं सत्र न्यायाधीश के. विनोद कुजूर के मार्गदर्शन में ई-कोर्ट परियोजना के अंतर्गत न्यायालयों में डिजिटल तकनीकों के प्रभावी क्रियान्वयन तथा न्याय वितरण प्रणाली को अधिक पारदर्शी, त्वरित, सुगम एवं तकनीक-सक्षम बनाने के उद्देश्य से सेन्ट्रल श्रुति, ई-साक्ष्य, ई-समन, ई-चालान, सीसीटीएनएस तथा आईसीजेएस विषयों पर एक दिवसीय कार्यशाला का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यशाला का संचालन अपर सत्र न्यायाधीश दीपक कोशले और व्यवहार न्यायाधीश रवि महोबिया ने किया। कार्यक्रम में जिला न्यायपालिका के समस्त न्यायिक अधिकारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

कार्यशाला में ई-कोर्ट परियोजना के अंतर्गत विकसित नवीन डिजिटल मॉड्यूलों के व्यावहारिक उपयोग, उनकी कार्यप्रणाली तथा न्यायालयीन कार्यों में उनके प्रभावी क्रियान्वयन का विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस दौरान न्याय श्रुति के माध्यम से न्यायालयीन कार्यवाही के डिजिटल ट्रांसक्रिप्शन, ई-साक्ष्य द्वारा इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों के सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित प्रबंधन, ई-समन के माध्यम से समन की त्वरित एवं पारदर्शी तामील, ई-चालान प्रणाली के प्रभावी उपयोग, सीसीटीएनएस के माध्यम से पुलिस एवं न्यायालय के मध्य सूचना समन्वय तथा आईसीजेएस के माध्यम से न्यायालय, पुलिस, जेल एवं अन्य अन्वेषण एजेंसियों के बीच डिजिटल सूचना के निर्बाध आदान-प्रदान की प्रक्रिया का व्यवहारिक प्रदर्शन किया गया।

## प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय दुर्ग में ई-कोर्ट परियोजना पर एक दिवसीय आयोजन



**डिजिटल प्रणालियों के बारे में विस्तार से दी गई जानकारी :** कार्यशाला के दौरान माननीय उच्च न्यायालय द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप सभी न्यायिक अधिकारियों को इन डिजिटल प्रणालियों के अधिकतम एवं प्रभावी उपयोग हेतु प्रशिक्षित किया गया। साथ ही प्रतिभागियों की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए विभिन्न मॉड्यूलों के व्यवहारिक एवं तकनीकी पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। न्यायाधीश के. विनोद कुजूर ने कहा कि ई-कोर्ट परियोजना भारतीय न्यायपालिका को आधुनिक, पारदर्शी एवं नागरिक-केंद्रित न्याय व्यवस्था की ओर अग्रसर करने वाला एक महत्वपूर्ण कदम है।

### नागरिक को शीघ्र और सुलभ न्याय मिले

न्यायाधीश दीपक कोशले ने कहा कि सूचना प्रौद्योगिकी आधारित न्यायिक व्यवस्था न्याय वितरण प्रणाली को अधिक पारदर्शी, त्वरित एवं उत्तरदायी बनाएगी तथा नागरिकों को शीघ्र एवं सुलभ न्याय उपलब्ध कराने के उद्देश्य को और अधिक सशक्त करेगी। न्यायाधीश रवि महोबिया ने सभी न्यायिक अधिकारियों से आग्रह किया कि वे ई-कोर्ट परियोजना के अंतर्गत विकसित डिजिटल मॉड्यूलों का नियमित, प्रभावी एवं उत्तरदायित्वपूर्ण उपयोग सुनिश्चित करें। कार्यशाला का समापन सभी न्यायिक अधिकारियों द्वारा ई-कोर्ट परियोजना के विभिन्न डिजिटल मॉड्यूलों के प्रभावी क्रियान्वयन, न्यायालयों में तकनीक आधारित कार्यप्रणाली को सुदृढ़ करने तथा आम नागरिकों को अधिक पारदर्शी, त्वरित एवं सुलभ न्याय उपलब्ध कराने के सामूहिक संकल्प के साथ हुआ।

### वांगचुक की गिरफ्तारी के खिलाफ संयुक्त वाम मोर्चा का प्रदर्शन

# शिक्षा के निजीकरण से गरीब व मेहनतकशों के बच्चों को नुकसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

केंद्र सरकार की विद्यार्थी विरोधी नीतियों, पेपर लीक,बढ़ती बेरोजगारी और लोकतांत्रिक हमलों के खिलाफ संयुक्त वामपंथी मोर्चा और यूनियनों द्वारा रविवार शाम को सिविकसेंटर बेरोजगार चौक पर विरोध प्रदर्शन किया गया। संयुक्त वामपंथी जनवादी मोर्चा ने कहा कि जंतर-मंतर पर शिक्षा व्यवस्था में व्याप्त भ्रष्टाचार, पेपर लीक और युवाओं के भविष्य की रक्षा की मांग को लेकर शांतिपूर्ण अनशन कर रहे शिक्षाविद और जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक को पुलिस द्वारा जबरन हटाया जाना लोकतांत्रिक अधिकारों का घोर उल्लंघन है। सरकार जनता की आवाज़ सुनने के बजाय दमन का रास्ता अपना रही है। गिरफ्तारी यह साबित करती है कि केंद्र सरकार छात्रों और युवाओं के न्यायपूर्ण आंदोलन से भयभीत है।

प्रदर्शन में संयुक्त वामपंथी जनवादी मोर्चा ने कहा कि देशभर में नीट सहित अनेक प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक, सीबीएसई पेपर चेकिंग घोटाला और भर्ती घोटालों ने करोड़ों विद्यार्थियों का भविष्य संकट में डाल दिया है। इसके बावजूद केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को पद पर बनाए रखना सरकार की विफलता और गैर-जवाबदेही का प्रमाण है। शिक्षा मंत्री का इस्तीफा अब केवल राजनीतिक नहीं, बल्कि नैतिक आवश्यकता बन चुका है। सरकार दोषियों पर कार्रवाई करने के बजाय उन्हें संरक्षण दे रही है।

## शिक्षामंत्री की गिरफ्तारी की मांग



### महंगी शिक्षा से गरीब बच्चे वंचित हो रहे

वक्ताओं ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 शिक्षा के सार्वजनिक चरित्र को कमजोर कर उसे निजी कंपनियों और कोचिंग उद्योग के हवाले करने का रास्ता खोल रही है। शिक्षा का बढ़ता निजीकरण, केंद्रीकरण और व्यावसायीकरण गरीब, ग्रामीण तथा मेहनतकश परिवारों के बच्चों को उच्च शिक्षा से दूर कर रहा है। शिक्षा को अधिकार के बजाय व्यापार में बदलने की नीति देश के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी), भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी, भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) लिबरेशन, एटक, एक्टू, एचएमएस, लोइमो, स्टील वर्कर्स यूनियन, छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा कार्यकर्ता समिति सहित अनेक जनसंगठनों के कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। राष्ट्रीय परीक्षा प्रणाली में व्यापक सुधार, दोषियों को कठोर सजा, सभी परीक्षाओं में पारदर्शिता तथा समान और गुणवत्तापूर्ण सार्वजनिक शिक्षा की गारंटी सुनिश्चित करनी होगी। दमन और गिरफ्तारी से छात्रों का आंदोलन नहीं रुकेगा। मोर्चा ने मांग की कि सोनम वांगचुक सहित सभी आंदोलनकारियों पर की गई दमनात्मक कार्रवाई वापस ली जाए, केंद्रीय शिक्षा मंत्री तत्काल इस्तीफा दें, राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 वापस ली जाए तथा शिक्षा व्यवस्था को सार्वजनिक, पारदर्शी, वैज्ञानिक और लोकतांत्रिक आधार पर पुनर्गठित किया जाए। देश के करोड़ों विद्यार्थियों के भविष्य की रक्षा के लिए केंद्र सरकार को जनभावनाओं का सम्मान करते हुए तुरंत ठोस कदम उठाने होंगे, अन्यथा छात्र, युवा, मजदूर, किसान और लोकतांत्रिक शक्तियां पूरे देश में संघर्ष को और व्यापक बनाएंगी।

# विश्व जनसंपर्क दिवस पर बीएसपी में कनेक्टकॉन पीआर कॉन्क्लेव

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

विश्व जनसंपर्क दिवस के उपलक्ष्य में बीएसपी के जनसंपर्क विभाग द्वारा भिलाई निवास में बहुउद्देशीय सभागार में पीआर कॉन्क्लेव 'कनेक्टकॉन का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि निदेशक प्रभारी चित्तरंजन महापात्र थे।

कॉन्क्लेव में सेल की इकाईयों आरएसपी, सेल कॉर्पोरेट कार्यालय ( दिल्ली), वीआईएसएल, सेल रिफ्रैक्टरी यूनिट तथा चंद्रपुर फेरो अलॉय प्लांट के जनसंपर्क प्रतिनिधियों के साथ आकाशवाणी, प्रेस सूचना ब्यूरो (पीआईबी), दूरदर्शन, एनएसपीसीएल, स्टेट बैंक आदि संस्थानों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। ईडी एके चक्रवर्ती, प्रवीण निगम, पवन कुमार, पीके सरकार, कमल भास्कर,अरुण कुमार तथा सीजीएम तुषार कांत सहित सीजीएम आदि अधिकारी उपस्थित थे। श्री महापात्र ने कहा कि जनसंपर्क आज केवल सूचना प्रसारित करने का माध्यम नहीं, बल्कि विश्वास निर्माण, हितधारकों के साथ सशक्त संवाद स्थापित करने तथा किसी भी संगठन की उपलब्धियों को पारदर्शिता एवं उद्देश्यपूर्ण ढंग से समाज तक पहुँचाने का एक महत्वपूर्ण रणनीतिक उपकरण बन चुका है। उन्होंने कहा कि इन उपलब्धियों एवं उनके व्यापक सामाजिक-आर्थिक प्रभावों को प्रभावी ढंग से जन-जन तक पहुँचाने में जनसंपर्क की भूमिका महत्वपूर्ण है। महाप्रबंधक प्रभारी अमूल्य प्रियदर्शी ने स्वागत भाषण में कॉन्क्लेव की रूपरेखा से प्रतिभागियों को अवगत कराया। प्रथम तकनीकी सत्र 'पेचा-कुचा में वक्ता निशांत वर्मा जॉयदेव मजूमदार (आरएसपी), शकील अहमद खान (सीएफपी), परिमल सिन्हा व भावना नायक (एनएसपीसीएल), रमेश जयभाये, कुणाल व्यास(पीआईबी, रायपुर), शौकत इमाम खान और एम. श्रीनिवास राव (आकाशवाणी, रायपुर), अर्पित तिवारी (माई भारत), अनिल कुमार यादव ( एसबीआई) सहित एसबीआई के अधिकारी शरद बैस, लुकेश रामटेके, सुशील अग्रवाल तथा बीएसपी की उप प्रबंधक शालिनी चौरसिया संयंत्र की विकास यात्रा में पीआर की भूमिका पर प्रस्तुति दी। एचआरसी, रायपुर से मनीष मिश्रा, वीआईएसएल नवीन राहुल, सेल रेफ्रेक्टरी यूनिट डॉ. प्रियंका दास और मधुसूदन राव तथा सीएसपीडीसीएल से विकास शर्मा ने कार्यक्रम में सहभागिता की।




### पैनल चर्चा व लघु फिल्मों का प्रदर्शन

ट्रुथ, ट्रस्ट एंड टेक्नोलॉजीः टेकिंग पीआर टू द नेक्सट लेवल विषय पर पैनल चर्चा आयोजित की गई। सत्र का नेतृत्व बीएसपी के पूर्व विभागाध्यक्ष एस पी एस जग्गी तथा भारतीय प्रबंध संस्थान (आईआईएम) रायपुर के प्रोफेसर डॉ. मृणाल चावड़ा ने किया। सत्र का संचालन महाप्रबंधक प्रभारी अमूल्य प्रियदर्शी द्वारा किया गया। जनसंपर्क विभाग द्वारा निर्मित लघु फिल्मों व माइंड मेज़ व क्विज का आयोजन भी हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक पवन कुमार ने विजेताओं, प्रतिभागियों, निर्णायकों को सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन उप महाप्रबंधक अपर्णा चंद्रा ने किया । आयोजन में एजीएम जवाहर बाजपेयी सहित बीएसपी के पीआर टीम का योगदान रहा।

# राज्य स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम स्थल का कलेक्टर ने किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए 20 जुलाई को राज्य स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। पाटन के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय जामगांव एम के प्रांगण में सोमवार दोपहर 12 बजे से आयोजित होगा। इस राज्य स्तरीय कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय होंगे।

कार्यक्रम में अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव करेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री एवं अतिथियों द्वारा शाला में प्रथम बार प्रवेश लेने वाले नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर और मुंह मीठा कराकर आत्मीय स्वागत किया जाएगा।

विशिष्ट अतिथि के रूप में सांसद विजय बघेल, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चन्द्राकर, अहिवारा विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा उपस्थित रहेंगे। इसके साथ ही वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, भिलाई विधायक देवेन्द्र यादव, साजा विधायक ईश्वर साहू, छग खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के अध्यक्ष राकेश पाण्डेय, तेलघानी विकास बोर्ड के अध्यक्ष जितेन्द्र साहू भी कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। कार्यक्रम की भव्यता को बढ़ाने के लिए स्थानीय त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं के पदाधिकारी भी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। इस उत्सव का मुख्य उद्देश्य बच्चों में शिक्षा के प्रति उत्साह जगाना और शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करना है। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा सभी गणमान्य नागरिकों और पालकों से कार्यक्रम में उपस्थिति की अपील की गई है।

## चंदा चोरी को लेकर कांग्रेसियों ने किया विरोध प्रदर्शन



**भिलाई।** जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग ग्रामीण अध्यक्ष राकेश ठाकुर के नेतृत्व में अयोध्या राम मंदिर चढ़ावा चोरी का विरोध भिलाई 3 राम मंदिर व जामुल के साथ विभिन्न ब्लॉक, मंडल स्तरों पर कार्याकर्ताओं द्वारा जमकर प्रदर्शन किया गया। इस दौरान महापौर निर्मल कोसरे, महामंत्री व जामगांव आर पाटन प्रभारी राम सूर्यवंशी, पार्षद भारती सूर्यवंशी, प्रेम मिश्रा, ललित दुर्गा, एम जॉनी, शिव कुमार यादव, विक्रम मारकंडे,पप्पू चंद्राकर, टेनेंद्र ठाकरे,मोहन साहू, श्रीकांत वर्मा समेत अन्य पदाधिकारीगण मौजूद थे।

### वार्ड-15 में 23 जुलाई तक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**भिलाई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनसेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जन सेवा समिति (मोदी ग्रुप) के तत्वावधान में वैशालीनगर विधानसभा वार्ड-15 गायत्री मंदिर प्रांगण, लोक भारती स्कूल के सामने 23 जुलाई तक प्रतिदिन प्रातः 9 से 12 बजे तक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह स्वास्थ्य शिविर पूर्व जिला महामंत्री, भाजयुमो लोकेश पांडेय के मार्गदर्शन में आयोजित किया जा रहा है। शिविर का उद्देश्य क्षेत्र के नागरिकों को विशेषज्ञ चिकित्सकीय परामर्श एवं स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएं निःशुल्क उपलब्ध कराना है, ताकि अधिक से अधिक लोग स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर सकें।

# कुटेलाभाठा में 17 परिवारों के सामने आशियाने का संकट

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

- आईआईटी के पास की जगह को लेकर हो रहे परेशान

कुटेला भाटा के लगभग 17 परिवारों के 100 से अधिक लोगों के सामने आशियाने का संकट पैदा हो गया है। ये परिवार पिछले 60 वर्षों से इस जमीन पर शांतिपूर्वक निवास कर रहे हैं। स्थगन आदेश के बावजूद इन परिवारों को बेदखली का नोटिस प्रशासन ने थमा दिया है। वरिष्ठ नागरिक संघर्ष समिति का कहना है कि ये परिवार कानून सम्मत तरीके से रहने के लिए तैयार हैं। यदि शासन इन गरीब भूमिहीनों को गरिमापूर्ण जीवन जीने और रहने हेतु शासकीय नियमों के तहत निर्धारित आवास का अधिकार देते हुए प्रति परिवार 5 डिसमिल (लगभग 2100 वर्ग फीट) जमीन आबंटित करता है, तो ये सभी परिवार इसके लिए निर्धारित शासकीय राजस्व शुल्क भी नियमानुसार पटाने को पूरी तरह तैयार हैं।



समिति का आरोप है कि भिलाई के एक रसूखदार और चुनाव हार चुके नेता अपनी अवैध कमाई से खरीदे गए फार्म हाउस को बचाने के लिए यह सारा षड्यंत्र रच रहे हैं। जमीन हड़पने का खेल रचा है। समिति ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि गरीबों के आशियाने छीने गए, तो इसका सीधा असर भिलाई नगर निगम सहित अन्य चार निगम चुनावों और आगामी विधानसभा चुनावों पर पड़ेगा। ग्रामीणों ने इसे लेकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान गांव के उपसरपंच, पंच सहित अन्य बड़ी संख्या में मौजूद थे।

# घासीदास बाबा मंगल भवन का 10 लाख से होगा अपग्रेड

**भिलाई।** नगर पालिका परिषद जामुल वार्ड 20 सुरडुंग में दस लाख रूपये के लागत से गुरू घासीदास बाबा मंगल भवन का जीर्णोद्धार होगा। इसके लिए नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने स्थल पूजन किया। जामुल पालिका अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने बताया कि विकास कार्य तो आम जनता के सुविधा के लिए अनिवार्य है। इसके अतिरिक्त हमारे युग पुरूषों हमारे समाज को नई दिशा देने वाले महान अनुभुतियों को सम्मान देना भी हम सब का कर्त्तव्य है। इसी कड़ी में मनखे मनखे एक समान का समाज निर्माणकर्ता गुरू घासीदास बाबा के विचारों के अनुरूप आज हम सब उनके उनके जैतखाम को भव्य एवं सुंदर बनाने आज स्थल पूजन कर रहे हैं। जो कि हम सबको एक समान होने का परिचय देता है। मैं आप सभी से आग्रह करता हूं कि यह जीर्णोद्धार कार्य के अनुरूप सबको एक समान माने एवं इस सतनाम समाज के आदर्शों का पालन करें। इस दौरान वार्ड पार्षद शांति टंडन, पार्षद अहिल्या वर्मा, विशेश्वर वर्मा, तुलाराम टंडन, बालक दास, उमेंद वर्मा, संजय शर्मा, बाली बर्मन, राजबती, भीखम लाल, देवबती, सरोज सेन, मनहु साहू, लता देवांगन, धनेश कृपाराम, मेहतरू राम, सोहन लाल, सुनिता, प्रेमुराम मौजूद थे।








**खबर संक्षेप**



## भक्त माता कर्मा की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा

**अण्डा।** ग्रामीण साहू समाज एवं परिक्षेत्रीय साहू समाज के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम परसदा में भक्त माता कर्मा की मूर्ति स्थापना, प्राण प्रतिष्ठा एवं ध्वजारोहण समारोह श्रद्धा और उत्साह के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत ग्रामीण महिलाओं द्वारा बाजे-गाजे के साथ भव्य कलश यात्रा निकालकर की गई। कलश यात्रा ने पूरे गांव का भ्रमण किया, जिसके बाद विधि-विधान से कर्मा ध्वज का ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर जनपद पंचायत गुण्डरदेही के अध्यक्ष पुरुषोत्तम लाल चंद्राकर द्वारा प्रदत्त कर्मा भवन में 2 लाख रुपये की लागत से शेड निर्माण तथा कबीर आश्रम में 1 लाख रुपये की लागत से किचन शेड निर्माण का भूमिपूजन भी अतिथियों के हाथों संपन्न कराया गया। समारोह में समाजसेवी जसवंत सिंह, जनपद पंचायत गुण्डरदेही अध्यक्ष पुरुषोत्तम लाल चंद्राकर, जिला पंचायत सदस्य कांति सोनेश्वरी, भाजपा मंडल ओटेबंद अध्यक्ष कुलदीप साहू, तहसील साहू समाज अध्यक्ष मानसिंह सार्वा, उपाध्यक्ष हेमंत साहू, वीरेंद्र साहू, सत्यवती साहू, लीलेश्वर साहू, खिलेश निर्मलकर, परिक्षेत्रीय साहू समाज अध्यक्ष भीष्म साहू, पूर्व अध्यक्ष मोतीराम साहू, सचिव ललित साहू, ग्रामीण साहू समाज अध्यक्ष अजीत राम साहू, माया साहू, लोकेश साहू, भावना साहू, समाजसेवी बेलन साव, महेंद्र साहू आदि उपस्थित थे।

## बघेल के जन्मदिन में जुटे जामगांव आर के कांग्रेसी



**पाटन ।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के सुपुत्र चैतन्य बघेल के जन्मदिन पर भिलाई-तीन पदुम नगर निवास में जामगांव आर के कांग्रेसजन भी पहुंचे। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जामगांव आर के अध्यक्ष राजेश ठाकुर के नेतृत्व में सैकड़ों कांग्रेसजन के साथ जन्मदिन की बधाई प्रेषित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामना प्रेषित की। इस दौरान अशोक साहू पूर्व उपाध्यक्ष जिप, दिनेश साहू जनपद सदस्य, रश्मि भेदप्रकाश वर्मा जनपद सदस्य, अजय साहू जनपद सदस्य, रूपेंद्र शुक्ला अध्यक्ष सरपंच संघ, मंडल अध्यक्ष भूपेंद्र छोटू बघेल, सोहन जोशी, कपूर साहू, भेष आठे, भोजेंद्र चंद्राकर, देवकुमार निषाद, लुल्ली चक्रधारी, रिंकू चंद्राकर, पवन पटेल, डॉ. ईश्वर निषाद, सागर सिन्हा, मनीष पटेल, गालव वर्मा, शंकर यादव, सोहन वर्मा सहित सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद थे।

## घोटवानी स्कूल की जवाबदारी मिली पाल को



**दुर्ग/धमधा।** ग्राम घोटवानी के प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय के एकीकरण (विलय) के बाद गठित नई शाला विकास समिति में पत्रकार हेमंत पाल को लगातार दूसरी बार सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया। वहीं टकेश्वर वर्मा को समिति का उपाध्यक्ष बनाया गया। अध्यक्ष चुने जाने के बाद हेमंत पाल ने कहा कि विद्यालय को शिक्षा, संस्कार और गुणवत्ता के क्षेत्र में नई पहचान दिलाना उनकी प्राथमिकता होगी। शाला विकास समिति के गठन कार्यक्रम में ग्राम सरपंच डामन वर्मा, डॉ. देवेंद्र उमरे, खमन साहू, तामेश्वर पाल, चंद्रशेखर वर्मा, महेंद्र प्रताप गुप्ता, मुकेश सिन्हा, सुरेश वर्मा, सांसद प्रतिनिधि प्रेमलाल सिंह, केसलाल यादव, संदीप निषाद, मनोज वर्मा, अजय चतुर्वेदी, प्रधान पाठक गिरधर सिंह राजपूत, संकुल प्रभारी बेनी प्रसाद माधव सहित शिक्षक, समिति सदस्य और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### 'पहले और अब' कार्यक्रम आयोजित किया, याद की गई ग्रामीणों की भागीदारी

# साल भर पहले लगाए पौधे सुरक्षित, शनिदेव मंदिर तालाब परिसर में जुटे पर्यावरण संरक्षक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमधा

शनिदेव मंदिर तालाब जीर्णोद्धार एवं वृक्षारोपण अभियान के एक वर्ष पूर्ण होने पर रविवार को शनि मंदिर तालाब परिसर में 'पहले और अब' कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में एक वर्ष पूर्व लगाए गए पौधों का अवलोकन किया गया तथा पर्यावरण संरक्षण के सामूहिक प्रयासों को स्मरण किया गया।

अभियान के प्रथम वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर 11 नारियल तोड़कर पौधों का प्रथम जन्मदिन मनाया गया। इस दौरान बताया गया कि पिछले वर्ष लगाए गए लगभग 150 पौधे सुरक्षित एवं जीवित हैं तथा अच्छी बढ़वार कर रहे हैं। जिन पौधों की वृद्धि नहीं हो सकी थी, उनके स्थान पर नए पौधे लगाए गए। इनमें आंवला, पीपल, बादाम, कदम, नीम, अमलतास एवं कचनार के पौधे शामिल हैं। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने एक वर्ष पहले और वर्तमान स्थिति की स्मृति तस्वीरें लेकर अभियान की सफलता को साझा किया तथा पौधों के नियमित संरक्षण एवं देखभाल का संकल्प दोहराया।

इस अवसर पर जगमोहन सिन्हा, डीपी शर्मा, अब्दुल वहीद खान, मुखराज किशोर यादव, मीना देवी यादव, वीरेंद्र देवांगन, ईश्वरी निर्मलकर, सरपंच रामेश्वर साहू, सामर्थ्य साजन ताम्रकार और प्रशांत मिश्रा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन धर्मधाम गौरवगाथा समिति, धमधा, अभिनव जीवन कल्याण समिति, दुर्ग, हिन्द एथलेटिक्स क्लब, धमधा तथा ग्राम पंचायत बिरझापुर के सहयोग से किया गया।

**अभियान की सफलता की साझा, संरक्षण का लिया संकल्प**



## पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

**अंडा।** पर्यावरण को हरा-भरा बनाने और बच्चों में प्रकृति के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से सनराईस पब्लिक स्कूल अंडा में शनिवार को विशेष पौधरोपण कार्यक्रम (ग्रीन डे) आयोजित किया गया। कार्यक्रम में स्कूल के छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ विद्यालय परिसर में नीम, गुलाब, आम और गुलमोहर व लगाए। इस दौरान पर्यावरण से संबधित जागरुकता के नाटक भी बच्चों ने प्रस्तुत किये। प्राचार्य जितेंद्र साहू ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि पेड़ ही जीवन के आधार हैं।





## शिविर में शामिल हुए देश भर के वैद्य, देशमुख बने राष्ट्रीय उपाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उतई

अखिल भारतीय परंपरागत वन औषधि प्रशिक्षित वैध महासंघ छत्तीसगढ़ का आयोजन नगर पंचायत उतई में हुआ। विभिन्न सत्रों में आयोजित इस कार्यक्रम में देश व प्रदेश स्तरीय संघ के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण भी हुआ। मुख्य बात यह रही कि बालोद जिले के प्रसिद्ध नाडी वैद्य व समाजसेवी गुरुदेव वीरेंद्र देशमुख को महासंघ का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाया गया। इस दौरान नेत्र जांच शिविर का भी आयोजन किया गया था। इसके अलावा विभिन्न औषधियों का प्रदर्शन भी किया गया। उद्‌घाटन समारोह में दुर्ग सांसद विजय बघेल ने कहा कि जिस बीमारी के इलाज के लिए हम आज लाखों रुपए खर्च करते हैं उसे हमारे वैद्य आसानी से ठीक कर देते थे। आज हमें ऐसी परंपरागत चिकित्सा पद्धति को फिर से अपनाने की जरूरत है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों को शपथ भी दिलाई इससे पूर्व नवनियुक्त राष्ट्रीय उपाध्यक्ष गुरुदेव वीरेंद्र देशमुख ने कहा कि नाड़ी वैद्यों का सम्मान आज भी इसलिए बरकरार है क्योंकि हम सब निस्वार्थ सेवा करते हैं। अखिल भारतीय परंपरागत वनौषधि प्रशिक्षित वैद्य महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष लक्ष्मण साहू ने सभी का स्वागत किया। कार्यक्रम को वरिष्ठ वैद्य राजेंद्र देकाटे राष्ट्रीय महासचिव, संतोष कुमार स्वर्णकार राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष, भारत सिंह राष्ट्रीय सचिव, गजानंद देवांगन जिला अध्यक्ष दुर्ग, सुरेंद्र बाबू गुप्ता सचिव जिला दुर्ग, सावित्री साहू महिला प्रदेश अध्यक्ष छत्तीसगढ, पुष्पा नाइक नागपुर महिला प्रदेश अध्यक्ष महाराष्ट्र, अश्विनी खोड़के नासिक जिला अध्यक्ष , सरस्वती साहू नगर पंचायत उतई अध्यक्ष, मीडिया प्रभारी संजय देवांगन और बी एस माथुर विजय गढ़ यूपी ने भी संबोधित किया। आयोजित कार्यक्रम में नवनियुक्त पदाधिकरियों का शपथ ग्रहण कराया गया। दो दिवसीय आयोजन में प्रथम दिवस संगोष्ठी का भी आयोजन किया गया। इसमें पारंपरिक चिकित्सा के बारे में जानकारी दी गई।

■ अखिल भारतीय परंपरागत वन औषधि प्रशिक्षित वैद्य महासंघ का आयोजन

**बिजनेस साइड**

## री-नीट 2026 में आईआईटी मेडिकल वर्ल्ड के विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन



**भिलाई।** मेडिकल प्रवेश परीक्षा री-नीट 2026 के परिणाम में रिसाली स्थित आईआईटी मेडिकल वर्ल्ड के विद्यार्थियों ने उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। संस्थान के 25 परीक्षार्थियों में से 10 विद्यार्थियों का चयन हुआ है। इस उपलब्धि से विद्यार्थियों के साथ-साथ उनके अभिभावकों और संस्थान में भी उत्साह का माहौल है। विविध कुमार मौर्य ने 592 अंक प्राप्त कर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। इसके अलावा खुशी स्वर्णकार ने 537 अंक, प्रांजल साहू ने 520 अंक, समीर साहू ने 519, अनुज पुरोहित ने 501 अंक, साक्षी निराला ने 464 अंक तथा गीतांजलि नाग ने 406 अंक हासिल किए। अन्य चयनित विद्यार्थियों ने भी बेहतर प्रदर्शन करते हुए संस्थान की सफलता में महत्वपूर्ण योगदान दिया। संस्थान के संस्थापक शैलेंद्र तिवारी, जितेन्द्र तिवारी ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की तरह इस बार भी विद्यार्थियों ने लक्ष्य के प्रति समर्पण और नियमित अभ्यास के दम पर सफलता अर्जित की है। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रतियोगी परीक्षा में सफलता केवल प्रतिभा से नहीं, बल्कि सही रणनीति, निरंतर अभ्यास, समय प्रबंधन और अनुभवी शिक्षकों के मार्गदर्शन से मिलती है। संस्थान इन्हीं सिद्धांतों पर विद्यार्थियों को तैयार करता है। उन्होंने बताया कि संस्थान में विषयवार अवधारणाओं को मजबूत करने पर विशेष ध्यान दिया जाता है। नियमित टेस्ट सीरीज, डाउट क्लास, व्यक्तिगत काउंसलिंग और समय-समय पर प्रदर्शन का मूल्यांकन विद्यार्थियों की तैयारी को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसी व्यवस्थित शैक्षणिक वातावरण का परिणाम है कि हर वर्ष बड़ी संख्या में विद्यार्थी मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं में सफलता प्राप्त कर रहे हैं। शैलेंद्र तिवारी, जितेन्द्र तिवारी ने कहा कि संस्थान में कक्षा 9वीं से ही मेडिकल और इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षाओं की आधारभूत तैयारी शुरू कराई जाती है, जिससे विद्यार्थियों की अवधारणाएं प्रारंभिक स्तर से ही मजबूत हो सकें। वहीं, मेडिकल प्रवेश परीक्षा की तैयारी कर रहे ड्रॉपर विद्यार्थियों के लिए हिंदी एवं अंग्रेजी दोनों माध्यमों में विशेष बैच संचालित किए जाते हैं। इन बैचों में अनुभवी फैकल्टी द्वारा परीक्षा के नवीनतम पैटर्न के अनुरूप तैयारी कराई जाती है।

## बारिश के मौसम में बढ़ते संक्रमण से बचाव जरूरी : डॉ. संचित चोपड़ा



**भिलाई।** बारिश का मौसम अपने साथ ठंडी फुहारें और हरियाली लेकर आता है, लेकिन इसी मौसम में संक्रमण और बीमारियों का खतरा भी बढ़ जाता है। इस विषय पर बीएचएमएस चिकित्सक डॉ. संचित चोपड़ा ने बताया कि मानसून के दौरान वायरल बुखार, सर्दी-जुकाम, गले का संक्रमण, डायरिया, फूड पॉइजनिंग तथा डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियों के मामले तेजी से बढ़ते हैं। उन्होंने बताया कि इन बीमारियों का मुख्य कारण बारिश के बाद जगह-जगह पानी का जमा होना, दूषित पेयजल, खुले में रखा भोजन तथा मच्छरों का प्रजनन है। इसलिए केवल मौसम को दोष देने के बजाय साफ-सफाई और सावधानी पर विशेष ध्यान देना आवश्यक है। डॉ. चोपड़ा ने कहा कि डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया जैसी बीमारियां मच्छरों के काटने से फैलती हैं, जबकि कई अन्य संक्रमण वायरस, बैक्टीरिया या परजीवियों के कारण होते हैं। ऐसे में लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहना चाहिए। उन्होंने सलाह दी कि हमेशा उबला या फिल्टर किया हुआ पानी पिएं, ताजा और अच्छी तरह पका भोजन करें, भोजन से पहले और शौचालय के बाद हाथों को साबुन से धोएं तथा घर और आसपास पानी जमा न होने दें। पूरी बांह के कपड़े पहनें, मच्छरों से बचाव के उपाय अपनाएं, पर्याप्त पानी पिएं, 7 से 8 घंटे की नींद लें और नियमित व्यायाम करें। डॉ. चोपड़ा ने यह भी कहा कि बुखार, लगातार खांसी, सांस लेने में तकलीफ या अत्यधिक कमजोरी महसूस होने पर स्वयं दवा लेने के बजाय तुरंत चिकित्सकीय सलाह लें।

## भारत की अगले पीढ़ी के नवप्रवर्तकों को सशक्त बनाना लक्ष्य : त्रिपाठी



**भिलाई।** भारत आज अभूतपूर्व तकनीकी परिवर्तन से गुजर रहा है, जिसकी वजह से तकनीकी शिक्षा पहले से कहीं ज्यादा प्रासंगिक हो गई है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डेटा साइंस, रोबोटिक्स, साइबर सिक्योरिटी, इंटरनेट ऑफ थिंग्स, इलेक्ट्रिक व्हीकल्स और सेमीकंडक्टर टेक्नोलॉजी के उभरने से आज के कार्यबल के लिए आवश्यक कौशल पूरी तरह बदल गए हैं। इंजीनियरिंग शिक्षा अब सिर्फ कक्षा तक सीमित नहीं है। यह नवाचार, समस्या समाधान की क्षमता, शोध की रुचि और ऐसे उद्योग-तैयार पेशेवरों को विकसित करने के बारे में है जो वैश्विक चुनौतियों का सामना कर सकें। कृष्णा इंजीनियरिंग कॉलेज अध्यक्ष आनंद कुमार त्रिपाठी ने बताया कि भविष्य उन इंजीनियरों का है जो तकनीकी विशेषज्ञता को रचनात्मकता और अनुकूलनशीलता के साथ जोड़ सकें। विभिन्न शाखाओं में कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग का दबदबा, सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट, क्लाउड कंप्यूटिंग और डेटा एनालिटिक्स में लगातार बना हुआ है। वहीं इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग भारत के बढ़ते सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम, एम्बेड सिस्टम्स, डिजाइन, दूरसंचार, डिफेंस इलेक्ट्रॉनिक्स और ऑटोमेशन इंडस्ट्री की वजह से सबसे तेजी से उभरने वाली शाखाओं में से एक बन गई है। मैकेनिकल, सिविल और इलेक्ट्रिकल जैसी कोर शाखाएं भी इंडस्ट्री 4.0, नवीकरणीय ऊर्जा, स्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर और एडवांस मैन्युफैक्चरिंग टेक्नोलॉजी से बदल रही हैं। कृष्णा इंजीनियरिंग कॉलेज में हम छात्रों को इन उभरते अवसरों के लिए तैयार करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमारा ध्यान सिर्फ शैक्षणिक उत्कृष्टता तक सीमित नहीं है, बल्कि आधुनिक प्रयोगशालाओं, लाइव प्रोजेक्ट्स, इंटर्नशिप, इनोवेशन सेंटर, तकनीकी क्लब, एंटरप्रेन्योरशिप विकास और उद्योग-उन्मुख सर्टिफिकेशन कार्यक्रमों के माध्यम से अनुभव-आधारित शिक्षा पर है। हमारा मानना है कि कल के इंजीनियर नवाचारक, नेता और जिम्मेदार पेशेवर होने चाहिए जो समाज और राष्ट्र की प्रगति में योगदान दे सकें। इंजीनियरिंग शिक्षा के पूरक के रूप में, कृष्णा इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड कॉमर्स विज्ञान, वाणिज्य, प्रबंधन और कंप्यूटर एप्लीकेशन में करियर-उन्मुख कार्यक्रमों के माध्यम से भविष्य के लिए तैयार पेशेवर बना रहा है। इसमें कौशल विकास, रोजगार योग्यता और उद्योग एक्सपोजर पर समान जोर दिया जाता है। जैसे-जैसे भारत एक वैश्विक तकनीक और विनिर्माण महाशक्ति बनने की ओर बढ़ रहा है, संस्थानों को ऐसे स्नातक तैयार करने होंगे जो न केवल रोजगार योग्य हों, बल्कि नवाचार को आगे बढ़ाने में भी सक्षम हों। कृष्णा इंजीनियरिंग कॉलेज में हम ऐसे भविष्य के इंजीनियरों को तैयार करने के लिए समर्पित हैं जो तकनीकी रूप से उन्नत, आत्मनिर्भर और वैश्विक रूप से प्रतिस्पर्धी भारत के निर्माण में सार्थक योगदान देंगे।

## तर्रा की बेटी सौम्या की नीट-यूजी में सफलता



**सेलूद।** ग्राम तर्रा की होनहार बेटी सौम्या यदु ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा में सफलता हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। गुरुवार 16 जुलाई को घोषित परीक्षा परिणाम में सौम्या को ऑल इंडिया रैंक 21 हजार प्राप्त हुई है। सूत्रों के अनुसार, इस रैंक के आधार पर उन्हें रायपुर मेडिकल कॉलेज में प्रवेश मिलने की संभावना है। सौम्या ने अपनी दूसरी कोशिश में यह सफलता अर्जित की। सौम्या के पिता डॉ. जी.पी. यदु तथा माता माधुरी यादव ने बेटी की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे उसके कठिन परिश्रम और समर्पण का परिणाम बताया।

# शिक्षक से मारपीट, अवैध शराब व गांजा बेचने वालों पर आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अण्डा

ग्राम चंदखुरी स्थित गुरु घासीदास चौक में अवैध शराब और गांजा बिक्री का विरोध करने वाले एक शिक्षक नर्सिंग बारले पर हमला किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित शिक्षक ने आरोप लगाया है कि तुषार कुर्रे, वासु बारले और यीशु निर्मलकर ने उनके साथ मारपीट की और ईंट-पत्थरों तथा नुकीली वस्तु से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। एफआईआर में दर्ज शिकायत के अनुसार, 17 जुलाई को शाम करीब 5 बजे शिक्षक स्कूल से मोटरसाइकिल से घर लौट रहे थे। जैसे ही वे चंदखुरी के राम मंदिर, पुराना बाजार चौक के पास पहुंचे, आरोपियों ने उन्हें रोक लिया। शिकायत में कहा गया है कि आरोपियों ने शराब पीने के लिए पैसे मांगे। पैसे देने से इनकार करने पर गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी और ईंट के टुकड़े से सिर पर हमला कर दिया। बीच-बचाव करने पर नुकीली वस्तु से नाक के पास भी वार किया गया, जिससे उन्हें चोट आई और खून निकलने लगा। शिकायत में यह भी उल्लेख है कि घटना को रमेश देशमुख, डोमन सिन्हा, धन बघेल और संजय बघेल ने देखा। पीड़ित ने परिवार को घटना की जानकारी देने के बाद अपनी पत्नी और भाई के साथ थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई। पीड़ित शिक्षक का आरोप है कि उन्होंने क्षेत्र में चल रही अवैध शराब और गांजा बिक्री के कारण आए दिन मोहल्ले में गाली गलौज और असामाजिक तत्वों द्वारा हुड़दंग करते रहते हैं इससे समाज के लोग भयभीत रहते हैं और छोटे-छोटे बच्चों के ऊपर दुष्प्रभाव पढ़ रहे थे जिसको बंद करने के लिए जनप्रतिनिधियों और संबंधित अधिकारियों से मदद की गुहार लगाए थे, जिससे नाराज होकर आरोपियों ने उन पर हमला किया।

मामले में पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं ग्रामीणों ने प्रशासन से क्षेत्र में अवैध शराब और गांजा कारोबार पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

■ ग्रामीणों ने प्रशासन से क्षेत्र में अवैध शराब और गांजा कारोबार पर सख्त कार्रवाई की मांग की





## अमलेश्वर मंडल स्तरीय संगठनात्मक बैठक हुई

**भिलाई।** भारतीय जनता पार्टी, अमलेश्वर मंडल की बैठक ग्राम पंचायत पचपेड़ी के मंगल भवन में रविवार को आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि राजीव अग्रवाल (विधानसभा प्रभारी) थे। अध्यक्षता कमलेश चंद्राकर (मंडल अध्यक्ष, अमलेश्वर) ने की। बैठक में राहुल पंडित (अमलेश्वर मंडल प्रभारी) का विशेष मार्गदर्शन मिला। बैठक में संगठन विस्तार, बूथ सशक्तिकरण, आगामी संगठनात्मक एवं जनहितकारी कार्यक्रमों की कार्ययोजना, सदस्यता विस्तार, जनसंपर्क अभियान तथा केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक प्रभावी ढंग से पहुँचाने के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई।

# जामगांव एम में आज राज्य स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद

छत्तीसगढ़ शासन के स्कूल शिक्षा विभाग (समग्र शिक्षा) के तत्वावधान में नए शैक्षणिक सत्र के लिए राज्य स्तरीय भव्य 'शाला प्रवेशोत्सव' का आयोजन 20 जुलाई सोमवार को किया जा रहा है। पाटन विकासखंड के अंतर्गत ग्राम जामगांव एम स्थित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय के प्रांगण में दोपहर 12:00 बजे से आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर और मुंह मीठा कराकर आत्मीय स्वागत करेंगे।

अतिविशिष्ट उप-मुख्यमंत्री दुर्ग जिले के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा भी उपस्थित रहेंगे। अध्यक्षता प्रदेश के स्कूल शिक्षा, ग्रामोद्योग एवं विधि विधायी कार्य विभाग के मंत्री गजेन्द्र यादव करेंगे। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और सांसद विजय बघेल सहित कई दिग्गज भी इस आयोजन में शामिल होंगे। साथ ही दुर्ग ग्रामीण के विधायक ललित चन्द्राकर तथा अहिवारा विधायक डोमन लाल कोर्सेवाडा भी मंच साझा करेंगे।

प्रवेशोत्सव के दौरान नए बच्चों को निःशुल्क पाठ्यपुस्तकें, स्कूल बैग और यूनिफॉर्म वितरित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री साय इस अवसर पर उपस्थित जनसमुदाय और प्रदेशभर के शिक्षकों व विद्यार्थियों को संबोधित कर नए शिक्षा सत्र के लिए मंगलकामनाएं देंगे।

**ये जनप्रतिनिधि भी बढ़ाएंगे गरिमा**

आयोजन में वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, भिलाई नगर विधायक देवेन्द्र यादव, साजा विधायक ईश्वर साहू, खादी ग्रामोद्योग बोर्ड के अध्यक्ष राकेश पाण्डेय, तेलघानी विकास बोर्ड के अध्यक्ष जितेन्द्र साहू, जिला पंचायत दुर्ग की अध्यक्ष सरस्वती बंजारे, जनपद पंचायत पाटन की अध्यक्ष कीर्ति नायक, जिला पंचायत सदस्य नीलम चन्द्राकर, जनपद सदस्य संतोषी ठाकुर एवं ग्राम पंचायत जामगांव एम की सरपंच तुलसी सिन्हा सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे।

■ मुख्यमंत्री साय, उप-मुख्यमंत्री शर्मा और शिक्षा मंत्री यादव भी होंगे शामिल

## शराब पीने के लिए रकम का डिमांड, नहीं देने पर मारपीट और तोड़फोड़

**भिलाई।** शराब पीने के लिए रकम का डिमांड किया गया। नहीं देने पर मारपीट कर वाहन में तोड़फोड़ करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।



जामुल पुलिस ने बताया कि ग्राम ढौर जामुल निवासी दिनेश रात्रे काम से भाठापारा ढौर की ओर गया था। ढौर निवासी आरोपी दुर्गेश बंजारे ने शराब पीने के लिए उससे रकम की डिमांड की। रकम नहीं देने पर आरोपी दुर्गेश ने गाली-गलौज कर मारपीट की। पीड़ित भयभीत होकर आरोपी को 1 हजार रुपए दिया। उसी दिन शाम को फिर आरोपी ने पीड़ित के साथ मारपीट और उसके पीकअप वाहन में तोड़फोड़ कर दिया। शिकायत के बाद पुलिस ने दुर्गेश बंजारे को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी ने घटना को अंजाम देना स्वीकार किया है।

### उपतहसील स्तरीय योग समिति की बैठक

# स्व अनुशासन सीख रहे योग से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर



विश्व योग दिवस पर गठित उपतहसील स्तरीय योग समिति जामगांव आर की प्रथम बैठक रविवार सुबह 5 बजे सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर में योग शाखा के साथ संपन्न हुई। बैठक में संरक्षक आसकरण जैन जामगांव आर, अध्यक्ष डॉ गुलाब साहू औरी, सचिव संतोष साहू बोरवाय, सहसचिव इंद्रकुमार नवागांव ने प्रभावी मार्गदर्शन दिए। उपस्थित सभी साथियों ने लगातार एक घंटे तक योग विधाओं को आत्मसात किए और विद्यालय में प्रत्येक माह प्रथम रविवार को सुबह 5 बजे से 6 बजे तक चलने वाली योग की शाखा में स्व स्फूर्त सहभागिता अदा करने का वचन दिए। योग शाखा में जामगांव आर, औरी बोरवाय, भनसुली, नवागांव और बेलहारी के योग प्रेमी शामिल हुए। संरक्षक आसकरण जैन ने कहा कि तन मन को निरोगी बनाकर अनुशासन को स्वअनुशासन में बदलने की अदभुत कला योग सिखाता है। अध्यक्ष डॉ गुलाब साहू ने कहा कि योग करके व्यक्ति जब स्वस्थ तन मन से परिवार समाज का संचालन करते है तब स्वमेव प्रसिद्धि कदम चूमती है। इस दौरान योगेंद्र साहू, शंभू कुमार, अभिषेक,पीयूष, मेघराज चंद्राकर भावेश कुमार,हलधर, तोषन लाल,राजेंद्र ,वैभव और अंगेश्वर साहू सहित अन्य उपस्थित थे।


20 JULY
सर्व समाज कल्याण समिति भिलाई
सर्व समाज
कल्याण समिति भिलाई
के अध्यक्ष
इंद्रजीत सिंह जी
छोटू भैया
को जन्मदिवस की
हार्दिक
बधाई एवं शुभकामनायें।
महासचिव
कोषाध्यक्ष
उपाध्यक्ष
उपाध्यक्ष
उपाध्यक्ष
उपाध्यक्ष
सचिव
सचिव
सदस्य
सदस्य
सदस्य
सदस्य
सदस्य
सदस्य
सदस्य
सदस्य
सदस्य
सदस्य
सदस्य
सदस्य
सदस्य
सदस्य
सदस्य
सदस्य
सदस्य
सदस्य
विनीत : सर्व समाज कल्याण समिति भिलाई

हरिभूमि लाइव

रायपुर, सोमवार 20 जुलाई 2026

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

0788- 4091720, Message at 7747020002, 9755819129


02




एक पेड़ मां के नाम और हर आंगन...


लाइव इवेंट

## शिक्षा के प्रति सम्मान करने किया विद्या दान, बच्चों के चेहरों पर लाई मुस्कान



**भिलाई।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला हनोदा में ओजस महिला समाज सेवा समिति, रिसाली भिलाई के द्वारा निःशुल्क स्कूल बैग वितरण कार्यक्रम अत्यंत गरिमामय एवं प्रेरणादायक वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य जरूरतमंद विद्यार्थियों को शैक्षिक सामग्री उपलब्ध कराकर उन्हें पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित करना और समाज में सेवा-भाव को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भिलाई सुखनंदन सिंह राठौर की उपस्थिति ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। समिति के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने सेवा, संवेदना और शिक्षा के प्रति अपना समर्पण दिखाते हुए विद्यालय के बच्चों को निःशुल्क स्कूल बैग वितरित किए। बच्चों के चेहरे पर खिली मुस्कान यह बता रही थी कि शिक्षा से बड़ा कोई उपहार नहीं और विद्या दान से बड़ा कोई दान नहीं। ऐसे सामाजिक प्रयास न केवल विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाते हैं, बल्कि उन्हें आगे बढ़ने की नई प्रेरणा भी देते हैं। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला, हनोदा के परिवार की ओर से प्राचार्य मधुबाला कसार, संकुल समन्वयक एवं प्रधान पाठक रमानंद देवागन, सतीश चंद्राकर, डॉ. प्रज्ञा सिंह एवं सुभासनी झा उपस्थित रहे। ओजस महिला समाज सेवा समिति की पदाधिकारियों में अध्यक्ष ललिता सिंह, संरक्षक दुर्गा अधिकारी, सचिव संजू शुक्ला, मंजू सोनी, मनीषा सिंहा, प्रणिता शर्मा, नीलिमा भगत, अल्का शर्मा, अर्चना सर्राफ़, चंदन वर्मा एवं सीमा तिवारी उपस्थित रहीं। समिति की अध्यक्ष ललिता सिंह ने कहा कि हमारी समिति बच्चों को अच्छी शिक्षा, संस्कार एवं उनके सपनों को पूरा करने में हमेशा सहयोग करती रहेगी और समिति ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हं प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिवार ने समिति एवं अतिथियों का आभार व्यक्त किया।




जगन्नाथ जगन्नाथ, चका नैन की प्रस्तुति पर झूमे भक्त, आज गुंडिचा मंडप में मनेगी हेरा पंचमी, रूठेंगी माता लक्ष्मी, होगा मान-मनुहार

# मौसी के घर महाप्रभु की हो रही आवभगत, रोज श्रृंगार कर लगा रहे खाजा और पोड़ो-पीठा का भोग, रूठी लक्ष्मी गुंडिचा मंडप पहुंचकर करेंगी संवाद, हेरा पंचमी आज, तोड़ेंगीं रथ

भिलाई। जगत के महाप्रभु इन दिनों अपने बड़े भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ अपनी मौसी गुंडिचा के घर पहुंचे हुए है और वहां उनकी खूब आव-भगत की जा रही है। मौसी गुंडिचा महाप्रभु का रोज विशेष श्रृंगार कर उनके पसंदीदा व्यंजनों का भी भोग लगा रही है। जिसे देखने हजारों की संख्या में भक्त रोज गुंडिचा मंडप पहुंच रहे है। महाप्रभु को मौसी के घर पहुंचे आज पांचवा दिन हो जायेगा। अब तक श्री मंदिर में वापस नही होने पर माता लक्ष्मी क्रोधित होकर आज शाम तक अपने गुप्तचरों के संग गुंडिचा मंडप पहुंचेंगी और महाप्रभु से संवाद कर रथ का पहियां तोड़ने की परंपरा निभाई जायेगी। सेक्टर 10 में यह चित्रण आज रात 11 बजे दिव्य लीला की जायेगी।






### सांस्कृतिक संध्या का लिया आनंद

जगन्नाथ समिति, सेक्टर-4 के तत्वाधान में सेक्टर-10 मंडप में प्रतिदिन सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इन कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में भक्त उपस्थित हो रहे हैं। गीत संगीत का आनंद उठा रहे हैं। महाप्रभु श्री जगन्नाथ जी के रथयात्रा महोत्सव के तहत आयोजित संगीत संध्या में नीलिमा स्वरांजली ग्रुप के कलाकारों ने बेहतरीन भजन और भक्ति संगीत प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। स्वाति रावल के नेतृत्व में कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति से समा बांध दिया। जगन्नाथ जगन्नाथ, चका नैन, वो निलांचल वारे, तू ना संभले तो, हमें कौन संभाले। इस भजन की प्रस्तुति ने भक्तों को नाचने और झूम के लिए मजबूर कर दिया। पूरा पंडाल झूम उठा। गायिका स्वाति रावल, सरिता बिसोई, रश्मि, अर्पिता, भारती, जूही, प्रणिता आदि ने अपने गायन से दर्शकों को बांधे रखा। श्री जगन्नाथ पर आधारित गीतों ने भक्तों को भाव विभोर कर दिया। उड़िया व हिंदी भजनों का उपस्थित दर्शकों ने आनंद लिया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि सेफी चेयरमैन नरेंद्र कुमार बंछोर, बीएसपी अस्पताल के पूर्व डायरेक्टर डॉ जोगेश मडुआल, समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र सतपथी,महासचिव सत्यवान नायक विशेष रूप से उपस्थित रहे। उपस्थित अतिथियों द्वारा गायक कलाकारों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया तथा संस्था को प्रतीक चिन्ह प्रदान किया गया। श्री नायक ने रथयात्रा के अंतर्गत विभिन्न दिनों में होने वाले विविध आयोजनों जैसे हेरा पंचमी, बहुड़ा रथयात्रा व नीलाद्री विजय पर विशेष रूप से प्रकाश डाला।सांस्कृतिक कार्यक्रम का संयोजन त्रिनाथ साहू तथा रंजन महापात्र ने किया। इस उत्सव के दौरान जगन्नाथ समिति के पदाधिकारी त्रिनाथ साहू, भीम स्वांई, अनाम नाहक, डी त्रिनाथ, बसंत प्रधान, बीसी बिस्वाल, वृंदावन स्वांई, कालू बेहेरा, सुशांत सतपथी, जगन्नाथ पटनायक,रंजन महापात्र, प्रकाश स्वांई, राजू बेहेरा ,रवि स्वांई, कवि बिस्वाल, सीमांचल बेहरा,वी के होता, कैलाश पात्रो, बीस केशन साहू, श्याम दलाई ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

### क्यों मनाते हैं हेरा पंचमी

ओड़िया में 'हेरा' का अर्थ है 'देखना' और 'पंचमी' रथ यात्रा का पांचवां दिन। पौराणिक मान्यता है कि भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा तो रथ से गुंडिचा आ गए, लेकिन माता लक्ष्मी को साथ नहीं ले गए। इसी वियोग में नाराज माता लक्ष्मी आज भव्य पालकी में सवार होकर मुख्य मंदिर से गुंडिचा मंडप पहुंचेंगी। गुंडिचा पहुंचते ही पुजारियों द्वारा ओड़िया भाषा में जीवंत संवाद होगा। परंपरा के अनुसार वे सेवकों को महाप्रभु के रथ नंदीघो' का एक पहिया प्रतीकात्मक रूप से तोड़ने का आदेश देंगी। इसे रथ भंजन कहा जाता है। इस मान-मनुहार के बाद भगवान के वापसी का वचन मिलते ही मंदिर प्रशासन द्वारा नौवें दिन होने वाली बहुड़ा यात्रा की तैयारियां शुरू हो जाएंगी। हेरा पंचमी प्रेम, मान और संवाद का प्रतीक है।



## 25 मिलियन चौक में भक्तिभाव से हजारों भक्तों ने लगाए जयकारे, बांटा गया महाप्रसाद

**भिलाई।** पूरब मंडल मंडल के 25 मिलियन चौक सेक्टर 2, 4, 5 के कार्यक्रम स्थल में जगन्नाथ महाप्रभु की पावन रथ यात्रा का आयोजन भक्तिभाव और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत जगन्नाथ महाप्रभु के तेल चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर की गई। तत्पश्चात हजारों की संख्या में उपस्थित भक्तजनों ने 'जय जगन्नाथ' के गगनभेदी जयकारे लगाते हुए प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम स्थल के पास जगन्नाथ महाप्रभु की पावन रथ यात्रा के पहुंचते ही पूरब मंडल के अध्यक्ष रोहित साहू, मनोज साव, बृजेश मिश्रा, श्रीनिवास नायडू एवं अजय कनौजिया ने विधिवत पूजा अर्चना कर भिलाई नगर वासियों के लिए मंगल कामना की। इस अवसर पर श्री राम जन्म उत्सव समिति के युवा विंग के जिला अध्यक्ष मनीष पांडे कार्यक्रम स्थल पहुंचे। मनीष पांडे द्वारा भक्तों को महाप्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम में पूरबमंडल मंडल के पदाधिकारी मोंटू हरपाल, बाल राजू, शिव प्रकाश शिबू सहित कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन पूरब मंडल के अध्यक्ष रोहित साहू द्वारा किया गया। भक्तों ने महाप्रभु से सुख, शांति और समृद्धि की कामना की।



## राज्य खेल अलंकरण से सम्मानित किए जाने आवेदन की अंतिम तिथि 5 अगस्त

**दुर्ग।** छ.ग. शासन खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा प्रतिवर्षानुसार खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों, निर्णायकों को खेल पुरस्कार प्रदान कर राज्य खेल अलंकरण से सम्मानित किये जाने के लिए शहीद राजीव पाण्डे पुरस्कार, शहीद कौशल यादव पुरस्कार, वीर हनुमान सिंह पुरस्कार, शहीद पंकज विक्रम सम्मान, शहीद विनोद चौबे सम्मान एवं मुख्यमंत्री ट्राफी और वर्ष 2025-26 में राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक प्राप्त खिलाड़ियों को नगद राशि पुरस्कार एवं खेलवृति के लिए भी आवेदन आमंत्रित की गई है। सहायक संचालक खेल एवं युवा कल्याण विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार



पुरस्कारों के आवेदन पत्रो का प्रारुप मय विज्ञापन संचालनालय के विभागीय वेबसाईट http://sport-syw.cg.gov.in में उपलब्ध है। जिला कार्यालय, संचालनालय में कार्यालयीन समय में सभी आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 5 अगस्त 2026 है। अन्य जानकारी के लिए आवेदक जिला कार्यालय, संचालनालाय में सम्पर्क कर सकते हैं।

लाइव इवेंट

## डॉ. खूबचंद बघेल की मनाई 126वीं जयंती आदर्शों को आत्मसात करने लिया संकल्प



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ माटी के अमर सपूत, पृथक छत्तीसगढ़ राज्य के प्रथम स्वप्नदृष्टा, महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी डॉ. खूबचंद बघेल की 126वीं जयंती के अवसर पर नेहरू नगर स्थित डॉ. खूबचंद बघेल पार्क में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान सभी में उन्हें याद करते हुए चिकित्सक, समाज सुधारक, सफल कृषक, साहित्यकार, सांस्कृतिक चेतना के प्रणेता तथा किसान एवं आदिवासी आंदोलनों के प्रेरणास्त्रोत बताया। इस अवसर पर उपस्थित वक्ताओं ने डॉ. बघेल के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने अपने दूरदर्शी नेतृत्व, जनसेवा, संघर्ष, समर्पण और राष्ट्रभक्ति से छत्तीसगढ़ की पहचान, सम्मान और स्वाभिमान को नई दिशा प्रदान की। छत्तीसगढ़ी भाषा, संस्कृति और अस्मिता के संरक्षण एवं संवर्धन में उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। वक्ताओं ने कहा कि उनके आदर्श, विचार और कर्म आज भी प्रत्येक छत्तीसगढ़वासी के लिए प्रेरणा के अक्षय स्त्रोत हैं। डॉ. बघेल ने किसानों और आदिवासियों के अधिकारों के लिए जो संघर्ष किया, वह आज भी हमारे लिए मार्गदर्शक है। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं गणमान्य नागरिकों ने डॉ. खूबचंद बघेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। सभी ने उनके बताए मार्ग पर चलकर समाज और प्रदेश के विकास में योगदान देने का संकल्प भी लिया। कार्यक्रम का संचालन मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज भिलाई नगर के महासचिव विजेंद्र वर्मा ने किया। इस अवसर पर मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के ईश्वरी प्रसाद वर्मा, जनकराम वर्मा, नरेंद्र बंछोर सेफी के चेयरमैन, सरजू वर्मा, चन्द्रकुमार वर्मा, आई.एस. मनु, श्रीमती मिथिला खिचरिया, अनीता वर्मा, मधु वर्मा, मीना बर्छिहा, सुरेखा धुरंधर, रूपा वर्मा, महेश्वरी वर्मा, आनंद त्रिपाठी, अजय चंद्राकर, पुष्पक राज देशमुख, बरसाती चन्द्रा, राजेश वर्मा, राकेश धुरंधर, पीराराम वर्मा, विजय वर्मा, अजय वर्मा, जय वर्मा, गजानंद नायक, दुर्गेश बघेल, सुधीर खिचरिया, कृतराम मढ़रिया, नारायण बर्छिहा, मनहरण वर्मा, उपेन्द्र वर्मा, रुपेन्द्र वर्मा, माधुरी खिचरिया, चमेली बंछोर, खूबचंद वर्मा, होत्री प्रभाकर, जगतपाल वर्मा, तुषार टिकरिहा सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

कार्नर न्यूज

वन राइड वन नेशन अभियान और राष्ट्रीय सुरक्षा पर हुई चर्चा

## भारतीय सैनिकों के अदम्य साहस, शौर्य और रणनीति का सबसे बड़ा उदाहरण कारगिल युद्ध, नई पीढ़ी को बताना जरूरी

**भिलाई।** हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग के तत्वावधान में कारगिल विजय दिवस के लिए विभिन्न आयोजनों के संदर्भ में नोडल अधिकारी प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय दुर्ग में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं और नोडल अधिकारियों को कारगिल विजय की गाथा से जोड़कर उन्हें राष्ट्रसेवा के लिए प्रेरित करने क लिए किया गया था। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता जम्मू-कश्मीर अध्ययन केंद्र, छत्तीसगढ़ प्रांत के सहसचिव देशदीपक सिंह ने अपने उद्बोधन में कारगिल विजय के ऐतिहासिक महत्व, राष्ट्रीय सुरक्षा, राष्ट्रभक्ति और वन राइड- वन नेशन अभियान के मूल विषय को प्रभावशाली ढंग से बताया। उन्होंने युवाओं एवं नोडल अधिकारियों से आह्वान किया कि वे राष्ट्रहित में सक्रिय भूमिका निभाएं और देशभक्ति की भावना को आगे बढ़ाएं। मुख्य प्रशिक्षक जम्मू-कश्मीर अध्ययन केंद्र के सदस्य डॉ. चन्द्र शेखर शर्मा ने कार्यशाला में अभियान की रूपरेखा, उद्देश्य, कार्यप्रणाली एवं नोडल अधिकारियों की जिम्मेदारियों पर विस्तारपूर्वक प्रशिक्षण दिया। उन्होंने जोर देकर कहा कि नई पीढ़ी को कारगिल युद्ध के बारे में बताना जरूरी है क्योंकि यह भारतीय सैनिकों के अदम्य साहस, शौर्य और रणनीति का सबसे बड़ा उदाहरण है। इस अवसर पर डायरेक्टर डॉ. दिनेश कुमार नामदेव ने कारगिल के अमर शहीदों को नमन करते हुए ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सहायक कुल सचिव दिग्विजय साहू, हिमांशु मंडावी, डॉ. शैलेंद्र मिश्रा, प्रकाश अवस्थी एवं विभिन्न महाविद्यालयों के राष्ट्रीय सेवा योजना के 100 से अधिक कार्यक्रम अधिकारी शामिल हुए। निर्देशानुसार अब प्रत्येक महाविद्यालय में कारगिल विजय दिवस समारोह मनाए जाएंगे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. ज्योति धारकर ने किया। अंत में कार्यक्रम समन्वयक प्रो. जनेन्द्र कुमार दीवान ने सभी अतिथियों, प्रशिक्षकों, प्रतिभागियों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए सभी से राष्ट्रसेवा, अनुशासन एवं राष्ट्रीय एकता के प्रति समर्पित रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय से जुड़े नोडल अधिकारी, प्राध्यापक और एन.एस.एस. प्रतिभागी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।






## सिटी इवेंट

# सेवा का पर्व, फार्मेसी छात्रा ने बुजुर्गों में बांटी दवाइयां



**भिलाई।** आज के दौर में जहां जन्मदिन का उत्सव अक्सर निजी खुशियों तक सीमित रह जाता है, वहीं भिलाई की युवा फार्मेसी छात्रा जानवी बर्मन ने अपने जन्मदिन को सेवा, संवेदना और सामाजिक सरोकार से जोड़कर एक प्रेरक मिसाल पेश की। उन्होंने सेक्टर-3 स्थित फील परमार्थम आश्रम पहुंचकर वहां निवासरत 98 बुजुर्ग एवं बेसहारा महिला-पुरुषों के बीच शक्तिवर्धक टॉनिक का वितरण किया और उनके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना की। आश्रम के बुजुर्गों के साथ समय बिताते हुए जानवी ने उनका हालचाल जाना और आत्मीयता से बातचीत की। इस दौरान बुजुर्गों के चेहरों पर मुस्कान देखने को मिली। कई बुजुर्गों ने उनके इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे अवसर उन्हें अपनत्व और सम्मान का एहसास कराते हैं। जानवी बर्मन ने कहा कि समाज के जरूरतमंद और उपेक्षित लोगों के साथ खुशियां बांटना सबसे बड़ा उपहार है। उन्होंने युवाओं से भी अपने विशेष अवसरों को सेवा कार्यों से जोड़ने की अपील की। सेवाभाव के साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए जानवी ने आश्रम परिसर में पौधरोपण भी किया। उनका मानना है कि स्वस्थ समाज और स्वच्छ पर्यावरण, दोनों एक-दूसरे के पूरक हैं। जानवी का यह सराहनीय प्रयास युवाओं को समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने और मानवीय मूल्यों को आगे बढ़ाने की प्रेरणा देता है।

## सिटी लाइव

# नेतृत्व, उत्तरदायित्व और अनुशासन का पाठ सीखने छात्र परिषद ने ली शपथ



■ नव-निर्वाचित छात्र प्रतिनिधियों को सौंपी जिम्मेंदारी

**भिलाई।** विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता का विकास और उनमें उत्तरदायित्व एवं सेवाभाव की भावना जागृत करने साथ ही लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति सजग बनाने के लिए छात्र परिषद शपथ ग्रहण समारोह 2026 का आयोजन डीएवी इस्पात पब्लिक विद्यालय में किया गया।

समारोह का शुभारंभ पारंपरिक तिलक-विधि एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। जिसके बाद विद्यालय प्रांगण गाने की मधुर स्वर-लहरियों से गूंजायमान हो उठा। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत स्वागत गीत ने वातावरण को भावपूर्ण एवं ऊर्जावान बना दिया। विद्यालय प्रभारी दिनेश कुमार जाधव ने अपने उद्बोधन में कहा कि छात्र परिषद केवल एक संगठन नहीं, बल्कि ऐसा सशक्त मंच है जहां विद्यार्थी नेतृत्व, अनुशासन, निर्णय क्षमता एवं सेवाभाव जैसे जीवन-मूल्यों का व्यावहारिक अभ्यास करते हैं। उन्होंने कहा कि विद्यालय विद्यार्थियों के भीतर निहित नेतृत्व कौशल को विकसित करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इस वर्ष हेड बॉय कार्तिक मलिक एवं हेड गर्ल आर्ची द्विवेदी को चुना गया। वाइस हेड बॉय अभिनव यादव, वाइस हेड गर्ल दिव्या पटेल, सांस्कृतिक सचिव गगनदीप एवं अनुष्का शर्मा, अनुशासन सचिव हिमांशु वर्मा एवं प्रगति ठाकुर, खेल सचिव रॉबीन माइकल एवं पूजा वासनिक तथा साहित्य सचिव राहुल साहू एवं अनोखी कोचर को विद्यालय चयन समिति द्वारा दायित्व सौंपे गए। सभी छात्र प्रतिनिधियों को सम्मान-पट्टी एवं बैज प्रदान कर सम्मानित किया गया और विद्यालय के प्रति निष्ठा एवं सेवाभाव से कार्य करने की शपथ दिलाई गई। विद्यालय में विद्यार्थियों को चार सदनों को आदित्य, अग्नि, अंगीरा एवं वायु में विभाजित किया गया है। इस वर्ष आदित्य सदन से गर्व शिवाले एवं प्रीतिका गोयल, अंगीरा सदन से यश मलिक एवं ज्योत्स्ना राउत, अग्नि सदन से उत्तम कौशल एवं सृष्टि शर्मा तथा वायु सदन से कार्तिक भसीन एवं निकिता प्रजापति को सदन कप्तान नियुक्त किया गया। सभी कप्तानों को भी सम्मानित कर उत्तरदायित्व से कार्य करने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम के अंत में रानू खंडूजा ने कहा कि एक सच्चा नेता वही होता है जो सेवा-भावना के साथ कार्य करे। मंच संचालन बप्पादित्य बाग ने किया। समारोह का समापन शांति पाठ के साथ हुआ।

## किसान की याद में श्रद्धांजलि सभा 23 को



**भिलाई।** जिला बालोद स्थित ग्राम चौरेल के प्रगतिशील किसान जवाहर सिंह चंद्राकर का निधन विगत 13 जुलाई को हो गया। वे आजीवन प्रगतिशील कृषि के प्रति समर्पित रहे। अगासदिया परिवार के संयोजक व प्रसिद्ध साहित्यकार डॉ. परदेशी राम वर्मा ने बताया कि स्व. जवाहर सिंह चंद्राकर जीवन भर अपने गांव में ही रहे।

उनके सुपुत्र कमलेश चंद्राकर उन्हें अक्सर भिलाई लेकर आते थे लेकिन कुछ दिन यहां रहकर फिर चौरेल चले जाते थे। अपनी जमीन अपना गांव,अपने साथी,गांव की गलियां,चौरेल का विराट मन्दिर परिसर,गांव के पास की नदी,पैरी क्षेत्र उन्हें फिर गांव आने पर मजबूर कर देता था। हाल ही में भिलाई आए तो अगासदिया परिसर में पगड़ी पहनाकर उपस्थित लोगों ने उनसे आशीर्वाद लिया था। इनमें डॉ. वर्मा के साथ डॉ. रजनी नेल्सन और शायर अब्दुल कलाम सहित अन्य लोग थे। स्व. जवाहर सिंह चंद्राकर की श्रद्धांजलि सभा 23 जुलाई गुरुवार को ग्राम चौरेल में रखी गई है।

● संभागायुक्त, एनसीसी कैडेटों और सामाजिक संगठनों ने मिलकर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

# एक पेड़ मां के नाम और हर आंगन एक पेड़ से गूंजा हरियाली का संदेश, संकल्प भी लिया

भिलाई। पर्यावरण संरक्षण अब सिर्फ अभियान नहीं, संस्कार बन रहा है। रविवार को दुर्ग-भिलाई में तीन अलग-अलग स्तरों पर वृक्षारोपण की गूंज सुनाई दी। कहीं मां के नाम पौधा लगा तो कहीं 501 पौधों का लक्ष्य रखा गया, और कहीं बारिश में भीगते हुए हर आंगन एक पेड़ का संकल्प दोहराया गया। एनसीसी कैडेटों से लेकर संभागीय आयुक्त और सामाजिक संस्थाओं तक सभी ने एक ही संदेश दिया यदि आज हमने धरती को नहीं बचाया, तो आने वाली पीढ़ियों के लिए कुछ नहीं बचेगा। वी.वाई.टी. कॉलेज के एनसीसी कैडेटों ने अपनी माताओं के साथ एक पेड़ मां के नाम अभियान चलाकर मां और प्रकृति के रिश्ते को जोड़ा, सिविल लाइन में सामाजिक संगठनों ने 100 से अधिक पौधे लगाकर 501 का लक्ष्य तय किया, तो आर्टकॉम ने भिलाई के पटरी पार में बारिश के बीच भी जन-जागृति का पर्व मनाया। तीनों कार्यक्रमों में पौधों की नियमित देखभाल और हर नागरिक की जिम्मेदारी पर जोर दिया गया।



### सामाजिक संगठन संभागीय आयुक्त ने दिलाई पर्यावरण रक्षा की शपथ

अजेय भारत, अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत एवं यूथ हॉस्टल्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में सिविल लाइन चौक, दुर्ग में वृहद वृक्षारोपण हुआ। छायादार एवं फलदार 100 से अधिक पौधे लगाए गए। संस्था का लक्ष्य शहर में 501 पौधे लगाना है। मुख्य अतिथि दुर्ग संभाग के संभागीय आयुक्त सत्यनारायण राठौर ने शपथ दिलाते हुए कहा कि औद्योगिक विकास और प्रदूषण के इस दौर में हर नागरिक को अपने जीवन के हर अवसर पर एक पौधा लगाना चाहिए। यही पर्यावरण को बचाने का सबसे बड़ा योगदान होगा। कार्यक्रम का संचालन संजय डहरवाल ने किया। आनंद श्रीवास्तव एवं अभय तिवारी ने आह्वान किया कि हर वर्ग को आगे आना होगा। आभार राजेंद्र द्विवेदी ने किया। इस अवसर पर धनेश सिंह राजपूत, देवेंद्र कौशिक, ऋषिकांत तिवारी, योगेश बघेल, प्रफुल्ल जोशी, विनोद चंद्राकर, पार्षद सरिता चंद्राकर, दीपक साहू, संजय अग्रवाल, रोमनाथ साहू, धनेंद्र सिंह चंदेल, हेमसिंह ठाकुर, बाबा चौहान, तामेश्वर यादव, शंकर विश्वास, देवानंद वर्मा, अश्वनी साहू, सुशील केसरी, शिव सागर सिन्हा, हेमलाल देवांगन, अनुराग महुलकर, देवाशीष घोष, कोटेश्वर राव, अक्षय वर्मा, सुधीर अवधिया, रविंद्र भटनागर, देवेंद्र सिंह, गिरवर सिंह, सुनील सिंह, लाल सिंह, विवेक तिवारी, उत्तम देवांगन, मोहनलाल, धर्मेंद्र धामू, गोपी साहू, पंकज खारिया, राज शर्मा, किशोर यादव सहित सैकड़ों पर्यावरण प्रेमी उपस्थित रहे।



### बारिश में भी नहीं रुका हर आंगन एक पेड़ का जज्बा



आर्टकॉम ने भिलाई के पटरी पार, ढांचा भवन दुर्गा पंडाल परिसर में तेज बारिश के बीच स्थानीय नागरिकों के साथ पौधरोपण किया। संचालक निशु पांडेय ने कहा कि कहा कि आज के छोटे प्रयास ही भिलाई को हरित क्रांति की पहचान देंगे। करमजीत सिंह एवं गुरनाम सिंह ने हर आंगन वाटर हार्वेस्टिंग को जरूरी बताया। डॉ. रमेश श्रीवास्तव ने अभियान को 100 एकड़ तक ले जाने की योजना बताई। कार्यक्रम में नंदकिशोर टंडन, नैना टंडन, रणजीत सिंह, संरक्षक करमजीत सिंह, भास्कर, अध्यक्ष गुरुनाम सिंह, मेघा कौर, संतोष जायसवाल, राम भास्कर तिवारी, रविंद्र देवांगन, काजल साहा उपस्थित रहे।



### मां के सम्मान में कैडेटों ने संभाली हरियाली की जिम्मेदारी

37 छत्तीसगढ़ बटालियन एनसीसी द्वारा शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर महाविद्यालय दुर्ग के कैडेटों ने एक पेड़ मां के नाम अभियान चलाया। प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह के मार्गदर्शन में एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट प्रशांत दुबे के नेतृत्व में कैडेटों ने घरों एवं आसपास अपनी माताओं के साथ पौधरोपण किया। कैडेटों ने संकल्प लिया कि पौधे को परिवार के सदस्य की तरह पाला-पोसा जाएगा। इससे एक कैडेट, एक पेड़ की भावना भी मजबूत हुई। डॉ. अजय कुमार सिंह ने कहा कि यह अभियान मां के प्रति सम्मान और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देता है। यदि हर व्यक्ति अपनी मां के नाम एक पौधा लगाए तो हम हरा-भरा भविष्य बना सकते हैं। लेफ्टिनेंट प्रशांत दुबे ने बताया कि अभियान का उद्देश्य कैडेटों के साथ उनकी माताओं को भी जोड़ना है। कैडेटों ने नारा लगाते हुए कहा कि मां के सम्मान में एक पेड़ लगाएं, प्रकृति को हरा-भरा बनाएं।

## त्रिवेणी जैन तीर्थ में रिद्धि विधान

# मायाचारी, क्रोध और अहंकार से बचें, जैन एकता ही कल्याणकारी

**भिलाई।** श्री त्रिवेणी जैन तीर्थ, सेक्टर 6 में रविवार को श्री जिनेंद्र देव के मंगल अभिषेक एवं शांति धारा के पश्चात 64 रिद्धि विधान पूजन भक्तिभाव से संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत 1008 श्री आदिनाथ भगवान, 1008 श्री अजीतनाथ भगवान, 1008 श्री शांतिनाथ भगवान एवं भगवान महावीर स्वामी के मंगल अभिषेक एवं शांति धारा से हुई। पूजन में दिगंबर जैन मंदिर, जैन ट्रस्ट, जैन मिलन एवं त्रिवेणी बहू मंडल के सैकड़ों भक्तगण उपस्थित रहे।परम पूज्य पट्टाचार्य 108 विशुद्ध सागर महाराज के दो मुनिराज मुनि श्री 108 साक्ष्य सागर महाराज एवं मुनि श्री 108 निवृत्त सागर महाराज का रिसाली से पैदल विहार करते हुए त्रिवेणी जैन तीर्थ में मंगल प्रवेश हुआ। सैकड़ों भक्तों ने नमोस्तु करते हुए श्रीफल अर्पण कर पद



प्रक्षालन किया। धर्मसभा को संबोधित करते हुए मुनि श्री साक्ष्य सागर जी एवं मुनि श्री निवृत्त सागर जी ने कहा कि हम उत्तम कुल में जन्म तो ले लेते हैं, पर अपने परिणाम कैसे हैं यह देखना जरूरी है। नागिन की तरह हमारे भाव भी छोटी बातों में उचट जाते हैं। उन्होंने कहा कि चंचलता छोड़ो और इंसानियत के साथ जीओ। मायाचारी, क्रोध, राग-द्वेष एवं छल-कपट से बचे। अपने पद की गरिमा बनाए रखें। मनमौजी जीवन दुर्गति की ओर ले जाता है। आगम सम्मत जीवन ही श्रेष्ठ है। मुनि श्री ने भिलाई के विभिन्न सेक्टरों से आए श्रावकों को जैन एकता पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि संप्रदायों एवं मतभेदों से ऊपर उठकर संपूर्ण जैन समाज की एकता ही शासन प्रभावना का आधार है।कार्यक्रम में विधान पूजन के बाद सभी ने सामाजिक समरसता एवं आगम मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। सोमवार की सुबह 7 बजे त्रिवेणी जैन तीर्थ में पुनः मंगल अभिषेक, शांति धारा एवं पूजन विधान के पश्चात मुनिराज के मंगल अमृत वचन होंगे।

## पुलिस लाइन में कार्यक्रम का आयोजन

# नीट में सफल होने वाले विद्यार्थियों को पुलिस ने किया सम्मानित

**भिलाई।** रविवार को नीट परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं का सम्मान किया। पुलिस लाइन में आयोजित कार्यक्रम में सफल विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह देकर उनकी उपलब्धि की सराहना की गई। सम्मान समारोह में पांच विद्यार्थियों को उनके नीट परीक्षा के प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। इनमें अभिनाश ने 651 अंक हासिल किए। आर्नव ने 629 अंक, भव्यांश ने 597 अंक, नूरी शफ़त ने 534 अंक और



मोहम्मद अरशद ने 479 अंक प्राप्त किए। सभी वद्यिार्थियों को स्मृति चन्हि दिया गया। कार्यक्रम में मौजूद अभिभावकों ने कहा कि बच्चों पर जरूरत से ज्यादा दबाव बनाने के बजाय उन्हें सकारात्मक माहौल देना चाहिए। परिवार का सहयोग और विश्वास बच्चों के आत्मविश्वास को बढ़ाता है, जिससे वे बेहतर प्रदर्शन कर पाते हैं। दुर्ग पुलिस ने इस मौके पर यह भी कहा कि प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को आगे बढ़ाने और सकारात्मक शैक्षणिक माहौल तैयार करने के लिए विभाग लगातार ऐसे कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा। कार्यक्रम का उद्देश्य सिर्फ सफल विद्यार्थियों को सम्मानित करना ही नहीं था, बल्कि उन छात्रों को भी प्रेरित करना था जो मेडिकल प्रवेश परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं। इस दौरान एएसपी सुखनंदन राठौर, मणिशंकर चंद्रा, डीएसपी लाइन चंद्र प्रकाश तिवारी, रक्षित निरीक्षक नीलकंठ वर्मा समेत रक्षित केंद्र की सूबेदार कविता साहू आदि मौजूद थे।

## श्री शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी में अनुसंधान उत्कृष्टता पर कार्यशाला

# अनुसंधान केवल नई जानकारी प्राप्त करने का माध्यम नहीं, शिक्षा की जटिलता का समाधान



कार्नर न्यूज

भिलाई। अनुसंधान उत्कृष्टता और साहित्य समीक्षा विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ फार्मेसी विभाग के द्वारा किया गया। विश्वविद्यालय की आंतरिक गुणवत्ता प्रकोष्ठ इकाई के तत्वाधान में आयोजित इस कार्यशाला में 65 शोधार्थियों ने हिस्सा लिया। कार्यशाला का शुभारंभ विश्वविद्यालय के प्रभारी कुलपति डॉ. संदीप कुमार श्रीवास्तव ने किया । कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलसचिव डॉ. स्मिता सेलेट ने की।



### साहित्य समीक्षा वैज्ञानिक मूल्यांकन की एक सुव्यवस्थित प्रक्रिया है

प्राचार्य डॉ. गुंजन जेसवानी ने कार्यशाला के समापन पर कहा कि व्यवस्थित साहित्य समीक्षा केवल साहित्य का संकलन नहीं है बल्कि ज्ञान के वैज्ञानिक मूल्यांकन की एक सुव्यवस्थित प्रक्रिया है। यह अनुसंधान को अधिक विश्वसनीय, पारदर्शी और प्रभावशाली बनाती है। कार्यशाला में विश्वविद्यालय के डायरेक्टर विकास डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी, डीन डॉ वैभव तिवारी ,विभागाध्यक्ष आशिष पांडेय ने भी मार्गदर्शन दिया। कार्यशाला में शोधार्थियों के साथ ही बड़ी संख्या में शिक्षको ने भा हिस्सा लिया।

### अनुसंधान समस्याओं के समाधान का है आधार

कुलपति डॉ. श्रीवास्तव ने कहा कि वर्तमान समय में अनुसंधान केवल नई जानकारी प्राप्त करने का माध्यम नहीं है, बल्कि समाज, उद्योग और शिक्षा की जटिल समस्याओं के समाधान का आधार भी है। गुणवत्तापूर्ण शोध के लिए आवश्यक है कि शोधकर्ता अपने विषय पर उपलब्ध पूर्ववती अध्ययनों का गहन एवं वैज्ञानिक विश्लेषण करें। इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए व्यवस्थित साहित्य समीक्षा पर यह कार्यशाला आयोजित की जा रही है। इस अवसर पर डॉ. स्मिता सेलट ने कहा कि व्यवस्थित साहित्य समीक्षा एक ऐसी वैज्ञानिक प्रक्रिया है जिसके माध्यम से किसी विशिष्ट शोध प्रश्न से संबंधित उपलब्ध शोध पत्रों, पुस्तकों, रिपोर्टो तथा अन्य विश्वसनीय स्त्रोतों का क्रमबद्ध तरीके से संग्रह, चयन मूल्यांकन और विश्लेषण किया जाता है। कार्यशाला के मुख्यवक्ता डा. साकेत जेसवानी ने अपने आधार वक्तव्य में विषय की मूल अवधारणा, शोध प्रश्नों का निर्माण, साहित्य खोज की विधियों, डेटा निष्कर्ष एवं साक्ष्य संश्लेषण ,वैज्ञानिक शोध पत्र लेखन पर विस्तार से चर्चा की।

## सिटी स्पोर्ट्स

### छत्तीसगढ़ के सत्यांशु ने स्वीडन स्पेशल ओलंपिक्स में भारत को दिलाया ब्रॉन्ज



**रायपुर।** समाज कल्याण विभाग द्वारा सहायता प्राप्त सार्थक स्कूल धमतरी के विशेष खिलाड़ी सत्यांशु दीप ने छत्तीसगढ़ का नाम रोशन किया है। सत्यांशु दीप ने स्वीडन के गोथेनबर्ग में आयोजित स्पेशल ओलंपिक्स गोथिया कप-2026 में भारतीय स्पेशल ओलंपिक्स फुटबॉल टीम की तरफ से शानदार प्रदर्शन करते हुए टीम को कांस्य पदक (ब्रॉन्ज मेडल) दिलाने में अहम भूमिका निभाई। तीसरे स्थान के मुकाबले में भारत ने फिनलैंड को 2-1 से हराकर मेडल अपने नाम किया। इस उपलब्धि पर धमतरी कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने सत्यांशु दीप को बधाई देते हुए कहा कि किसी विशेष खिलाड़ी का अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का प्रतिनिधित्व करना पूरे जिले के लिए गर्व और प्रेरणा का विषय है। समाज कल्याण विभाग की उप संचालक डॉ मनीषा पांडे ने भी सत्यांशु को बधाई देते हुए कहा कि उनकी उपलब्धि प्रदेश के विशेष बच्चों के लिए प्रेरणास्रोत है। सत्यांशु दीप इससे पहले राष्ट्रीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप, रोहतक (हरियाणा) में देश के 23 राज्यों के 500 से अधिक खिलाड़ियों के बीच लॉन्ग जंप में स्वर्ण पदक और 100 मीटर दौड़ में कांस्य पदक जीत चुके हैं। उनके शानदार प्रदर्शन के आधार पर ही भारतीय स्पेशल ओलंपिक्स फुटबॉल टीम में चयन हुआ और अब स्वीडन में भारत को ब्रॉन्ज मेडल दिलाकर उन्होंने धमतरी को वैश्विक पहचान दिलाई है।

### तीरंदाजी में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया शिवबती ने



**रायपुर।** कोंडागांव जिला प्रशासन तथा महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित छत्तीसगढ़ राज्य बाल कल्याण परिषद, बालिकागृह की शिवबती ने संभाग स्तरीय तीरंदाजी स्पर्धा में प्रथम स्थान हासिल कर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया है। श्रवण दिव्यांग शिवबती का बचपन अनेक कठिनाइयों से भरा रहा। बीमारी के कारण उन्होंने कम उम्र में अपनी माँ को खो दिया और कुछ समय बाद नक्सली हिंसा में पिता का साया भी सिर से उठ गया। माता-पिता के निधन के बाद उनके चाचा ने उन्हें बालिकागृह में प्रवेश दिलाया गया।

तीरंदाजी में रुचि को देखते हुए उन्हें भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के प्रशिक्षकों से प्रशिक्षण दिलाया गया। उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर उनका चयन खेलो इंडिया स्टेट सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, बहतराई (बिलासपुर) में हुआ, जहाँ उन्होंने एक वर्ष तक उच्च स्तरीय प्रशिक्षण प्राप्त कर अपनी तकनीकी दक्षता और आत्मविश्वास को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाया। शिवबती ने हाल ही में जगदलपुर में आयोजित संभाग स्तरीय शालेय तीरंदाजी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया और राज्य स्तरीय शालेय तीरंदाजी प्रतियोगिता के लिए अपना स्थान सुनिश्चित किया।

### दिया शतरंज का निःशुल्क ऑनलाइन प्रशिक्षण



**रायपुर।** बिलासपुर में शीला देवी वेलफेयर फाउंडेशन ने 5 दिवसीय ऑनलाइन शतरंज कार्यशाला का आयोजन 12 से 16 जुलाई तक किया। जिसमें रोजाना शाम 7:00 बजे से 8:00 बजे तक आयोजित लाइव कार्यशाला में देशभर के प्रतिभागी ऑनलाइन जुड़े। कार्यशाला के विशेषज्ञ प्रशिक्षक मनीष कुमार, अंतरराष्ट्रीय रेटेड शतरंज खिलाड़ी एवं अनुभवी चेस कोच रहे। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को शतरंज की मूलभूत जानकारी से लेकर उन्नत रणनीतियाँ, ओपनिंग प्रिंसिपल्स, मिडिलगेम प्लानिंग, एंडगेम तकनीक, टैक्टिक्स एवं पज़ल्स तथा लाइव प्रैक्टिस एवं प्रश्नोत्तर सत्र का लाभ मिला।

### सराही गईं ज्ञानेश्वरी की उपलब्धियां



**दुर्ग।** हेमचंद् यादव विश्वविद्यालय की होनहार खिलाड़ी ज्ञानेश्वरी ने वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर लगातार उष्कृष्ट प्रदर्शन किया है। इस आधार पर उन्हें भारतीय टीम का पुनः प्रतिनिधित्व दिया गया है।

ज्ञानेश्वरी ने हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग की उत्तर पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालयीन प्रतियोगिता 2022-23 में गोल्ड मेडल, आल इंडिया प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल व खेलों इंडिया विश्वविद्यालय खेल प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल व बेस्ट खिलाड़ी का खिताब हासिल किया है।

## जीवनशैली से उपजी बीमारियों की रोकथाम के लिए अपनाएं जरूरी उपाय

# रोजमर्रा के खान-पान में मौजूद छिपी हुई शक्कर बिगाड़ रही है धीरे-धीरे आपकी सेहत, हो जाइए सावधान

जब हम शुगर शब्द सुनते हैं तो सबसे पहले दिमाग में मिठाइयां, केक या कोल्ड ड्रिंक आती हैं। लेकिन क्या आपको पता है कि रोजमर्रा की बहुत-सी चीजों में छिपी हुई चीनी (हिडेन शुगर) हो सकती है, जिसे हम बिना सोचे-समझे खाते रहते हैं।

सेहत को ठीक रखना चाहते हैं तो इसका सबसे आसान फॉर्मूला है- खान-पान में सुधार करना। हम दिनभर में जो कुछ भी खाते-पीते रहते हैं उसका शरीर पर सीधा असर होता है, यही कारण कि स्वास्थ्य विशेषज्ञ सभी लोगों को ऐसी चीजों से परहेज करने की सलाह देते हैं जिनसे बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है। जब भी बात गड़बड़ खान-पान की आती है तो सबसे ज्यादा चर्चा तेल और चीनी की होती है। इन दोनों का अधिक सेवन आपके संपूर्ण स्वास्थ्य को प्रभावित करने वाला हो सकता है। कई अध्ययन इस तरफ चिंता जताते रहे हैं कि चीनी, 'व्हाइट पॉइजन' के समान है जिससे डायबिटीज के साथ कैंसर तक का भी खतरा हो सकता है।

जब हम 'चीनी या शुगर' शब्द सुनते हैं तो सबसे पहले दिमाग में मिठाइयां, केक या कोल्ड ड्रिंक आती हैं। लेकिन क्या आपको पता है कि रोजमर्रा की बहुत-सी चीजों में छिपी हुई शक्कर (हिडेन शुगर) हो सकती है, जिसे हम बिना सोचे-समझे खाते रहते हैं। यही 'हिडेन शुगर' धीरे-धीरे शरीर में कई



बीमारियों की वजह बन रही है।

### सबसे पहले जानिए हिडेन शुगर क्या होती है?

हिडेन शुगर यानी ऐसी चीनी जो खाने में डाली तो जाती है लेकिन वो स्वाद में बहुत मीठी नहीं लगती। इसे अक्सर पैक्ड फूड, प्रोसेस्ड फूड या ड्रिंक्स में प्रिजर्वेटिव्स और फ्लेवर बढ़ाने के लिए डाला जाता है। कई बार पैकेट पर 'शुगर फ्री' लिखा होता है, लेकिन उसमें भी सूक्रोज, फ्रक्टोज, हाई फ्रक्टोज कॉर्न सिरप जैसे नामों से चीनी छिपी होती है। आहार विशेषज्ञ कहते हैं, अगर आप इन चीजों का भी अक्सर सेवन करते रहते हैं तो इसका भी सेहत पर बुरा असर हो सकता है।



### हिडेन शुगर और इसका सेहत पर असर

हार्वर्ड स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ की रिपोर्ट के अनुसार, जो लोग नियमित रूप से ऐडेड शुगर लेते हैं उनमें मोटापा और टाइप-2 डायबिटीज का खतरा दो गुना ज्यादा होता है। इसी तरह जर्नल ऑफ द अमेरिकन मेडिकल एसोसिएशन (जामा) में प्रकाशित अध्ययन की एक रिपोर्ट बताती है कि अधिक शुगर का सेवन करने वाले लोगों में हृदय रोग और इससे मौत का खतरा बढ़ सकता है। हिडेन शुगर इंसुलिन रेसिस्टेंस बढ़ाकर कुछ खास तरह के कैंसर जैसे कोलन और ब्रेस्ट कैंसर के रिस्क को भी बढ़ा देती है।

### मीठे पेय और कोल्ड ड्रिंक्स के शौकीन तो नहीं हैं आप?

आहार विशेषज्ञ कहते हैं, जो मीठा दिखता है, वो जरूरी नहीं नुकसानदेह हो, पर जो मीठा छिपा है, वही सबसे ज्यादा खतरा बन सकता है। जो लोग अक्सर कोल्ड ड्रिंक्स (जिनमें सोडा और कुछ जूस शामिल हैं) का अधिक सेवन करते रहते हैं उन्हें भी सावधान हो जाना चाहिए। कोल्ड ड्रिंक्स में चीनी की अधिक मात्रा हो सकती है जिसके कई नुकसान हैं।

अमेरिकन जर्नल ऑफ क्लीनिकल न्यूट्रिशियन में




प्रकाशित अध्ययन की रिपोर्ट में शोधकर्ताओं ने बताया कम मात्रा में भी मीठे पेय के सेवन की आदत नुकसानदायक है। एक लाख से ज्यादा लोगों पर किए गए चौंकाने वाले अध्ययन में वैज्ञानिकों ने पाया कि जो लोग नियमित रूप से व्यायाम करते हैं और हफ्ते में सिर्फ दो बार ही मीठे पेय पदार्थ पीते हैं, उनमें हृदय रोगों का खतरा 15 फीसदी तक अधिक होता है। वहीं जिन प्रतिभागियों ने हफ्ते में दो बार मीठे पेय पदार्थ पिए और व्यायाम नहीं किया, उनमें दिल की बीमारी होने का जोखिम 50 फीसदी अधिक देखा गया।

### फिर हिडेन शुगर से कैसे बचें?

अब सवाल ये है कि कैसे जानें कि आपके खाद्य-पेय पदार्थ में हिडेन शुगर तो नहीं है और इससे कैसे बचाव किया जा सकता है? इसके लिए विशेषज्ञ कहते हैं, सबसे जरूरी है कि कोई भी सामान खरीदते समय उसका लेबल पढ़ें, हर पैकेट वाली चीज में इंग्रेडिएंट्स जरूर चेक करें। चीनी के कारण होने वाले नुकसान को कम करने के लिए इसके स्वस्थ विकल्पों का चयन करें।




## बारिश में फंगल इन्फेक्शन से बचने सावधानी जरूरी

बरसात के मौसम में अक्सर कुछ लोग फंगल इन्फेक्शन की समस्या से परेशान रहते हैं। मानसून में हमारे वातावरण में नमी बढ़ जाती है, जिससे फंगल इन्फेक्शन का खतरा भी बढ़ जाता है। आइए इस लेख में इससे बचने के लिए कुछ सावधानियों के बारे में विस्तार से जानते हैं।

गर्मी से राहत दिलाता बारिश का मौसम जितना सुहावना होता है, उतनी ही अपने साथ कुछ स्वास्थ्य चुनौतियां भी लेकर आता है। इस मौसम में हवा में नमी बढ़ जाती है और कपड़ों व त्वचा पर नमी बनी रहती है, ऐसे में फंगल इन्फेक्शन बढ़ने की संभावना बढ़ जाती है। फंगल इन्फेक्शन, जैसे दाद, खुजली और एथलीट फुट, बहुत आम हो जाते हैं और ये न केवल परेशान करते हैं, बल्कि अगर इसका सही समय पर इलाज न किया जाए तो ये गंभीर भी हो सकते हैं।

मानसून में फंगल इन्फेक्शन से बचना मुश्किल लग सकता है, लेकिन कुछ आसान सावधानियां बरतकर आप खुद को सुरक्षित रख सकते हैं। आइए जानते हैं बारिश के मौसम में फंगल इन्फेक्शन से बचने के लिए किन बातों का विशेष रूप से ध्यान



रखना चाहिए।

### त्वचा को हमेशा सूखा रखें और सही कपड़े पहनें

बारिश के मौसम में फंगल इन्फेक्शन से बचने का सबसे पहला और महत्वपूर्ण नियम है अपनी त्वचा को हर समय सूखा रखना। जब भी आप बारिश में भीगते हैं या नहाते हैं, तो शरीर को अच्छी तरह से सुखाएं, खासकर त्वचा की परतों वाली जगहों पर जैसे कांख (अंडरआर्म्स), जांघों के बीच और पैरों की उंगलियों के बीच। इसके लिए एक साफ और सूखे तौलिए का इस्तेमाल करें। कपड़ों की बात करें तो ढीले-ढाले और सूती कपड़े पहनें, क्योंकि ये हवादार होते हैं और नमी को आसानी से सोख लेते हैं। सिंथेटिक और कसकर पहने जाने वाले कपड़ों से बचें, क्योंकि ये नमी को रोकते हैं। अगर कपड़े भीग जाएं, तो उन्हें तुरंत बदल लें।

### साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें

मानसून में व्यक्तिगत साफ-सफाई, जिसे पर्सनल हाइजीन भी कहते हैं, उसपर विशेष ध्यान देना बहुत जरूरी होता है। रोजाना कम से कम एक बार नहाएं, और अगर बहुत ज्यादा पसीना आता है या भीग गए हैं, तो दो बार भी नहा सकते हैं। नहाने के लिए एंटी-फंगल गुणों वाले साबुन का उपयोग कर सकते हैं।

साथ ही पर्सनल हाइजीन मेंटेन रखने के लिए अपने तौलिए, कंघी और कपड़े जैसी निजी वस्तुओं को भी साफ-सुथरा रखें और किसी के साथ साझा न करें, क्योंकि फंगस आसानी से फैल सकता है। गीली जगहों पर जैसे सार्वजनिक बाथरूम या स्विमिंग पूल के आसपास नंगे पैर चलने से बचें। अपने नाखूनों को हमेशा छोटा और साफ रखें, क्योंकि फंगस नाखूनों के नीचे पनप सकता है।

आपके घर का वातावरण भी फंगल इन्फेक्शन के जोखिम को प्रभावित करता है। ध्यान रखें कि आपके घर में पर्याप्त हवा का संचार हो।



## राज्य स्तरीय मिक्स नेटबॉल प्रतियोगिता में जांजगीर-चांपा ने दुर्ग को हराकर जीता खिताब




**रायपुर।** सप्रे शाला एवं डिग्री गर्ल्स कॉलेज मैदान में आयोजित प्रथम छत्तीसगढ़ सीनियर राज्य स्तरीय मिक्स नेटबॉल प्रतियोगिता का समापन रविवार को हुआ। टूर्नामेंट में जांजगीर-चांपा की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए फाइनल में दुर्ग की मजबूत टीम को 25-21 के स्कोर से हराकर विजेता बनने का गौरव हासिल किया, वहीं राजनांदगांव और गरियाबंद की टीमें संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहीं।

समापन समारोह में छत्तीसगढ़ ओलंपिक एसोसिएशन के जॉइंट सेक्रेटरी अकरम खान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। कार्यक्रम में अति विशिष्ट अतिथि सैयद राजा, उमेश ठाकुर, श्रेयांश जैन, अनील सिंह, एस मोहन राव और पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी सुमित मजूमदार उपस्थित थे।

कार्यक्रम में नेटबॉल स्पोर्ट्स एसोसिएशन छत्तीसगढ़ के उपाध्यक्ष राजेश प्रताप सिंह, रायपुर जिला संघ के सचिव अनूप यदु एवं एनएफआई ऑब्जर्वर पवन पटले की विशेष उपस्थिति रही। प्रतियोगिता को सफल बनाने में प्रदेश के विभिन्न जिला संघों के पदाधिकारियों ने सक्रिय योगदान दिया, जिनमें दुर्ग जिला सचिव मोहनराव, धमतरी जिला सचिव गोपाल साहू, सरगुजा जिला सचिव रजत सिंह, सूरजपुर जिला सचिव राहुल सिंह, जशपुर जिला सचिव खुशबू गुप्ता, कोरबा जिला अध्यक्ष खुशबू राठौर, बलौदा बाजार-भाटापारा से संदीप वर्मा, राजनांदगांव से ऋषि मेश्राम, गरियाबंद से अनिल सिंह, सक्ती से चंद्र प्रकाश तिवारी, रायगढ़ से अभिषेक गुप्ता, कांकेर से सुनील सिंह और मुंगेली से स्वप्निल चुनेकर प्रमुख रूप से शामिल रहे।

इसके अलावा राष्ट्रीय खिलाड़ी इमरान खान, प्रशांत जेकब आदि.प्रतियोगिता में पूरे प्रदेश से 16 जिलों की टीमों ने हिस्सा लिया। राउंड-रॉबिन लीग फॉर्मेट में कुल 24 लीग मैच, 4 क्वार्टर फाइनल, 2 सेमीफाइनल और 1 फाइनल मैच खेला गया। प्रतियोगिता में लगभग 250 खिलाड़ी, कोच, मैनेजर और ऑफिशियल शामिल हुए।नेटबॉल स्पोर्ट्स एसोसिएशन छत्तीसगढ़ की अध्यक्ष मीना केरकेट्टा ने सभी विजेता टीमों को बधाई दी और आगामी तीसरी राष्ट्रीय सीनियर मिक्स नेटबॉल प्रतियोगिता के लिए छत्तीसगढ़ की एक मजबूत टीम तैयार करने पर जोर दिया।

एसोसिएशन के महासचिव राजेश राठौर ने बताया कि इस प्रतियोगिता के आधार पर 8 पुरुष और 8 महिला खिलाड़ियों का चयन कैंप के लिए किया जाएगा। कैंप के पश्चात अंतिम 12 खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए होगा। समापन समारोह में रायपुर जिला सचिव अनूप यदु ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

## मानसून में सब्जियां सलामत रहेंगी नमक वाले देसी नुस्खे से



बारिश के इस मौसम में सबसे ज्यादा सब्जियां खराब होती है, यही तरह से स्टोर करने के बाद भी काम नहीं बनता। बारिश के मौसम में नमी और तापमान की वजह से फ्रिज की कूलिंग भी असरदार नहीं रह जाती और सब्जियों की शेल्फ लाइफ घट जाती है। ऐसे में रोज सब्जियां खरीदना भी मुश्किल और समय लेने वाला काम है। कैसे काम आएगा नमक?

नमक का इस्तेमाल करने के लिए आपको ज्यादा कुछ नहीं करना है। बस एक कटोरी नमक लेना है और इसे सब्जी वाले सेक्शन में रखना है। इस हैक को लगभग 7 से 10 दिन तक करें, ताकि नमक सारी नमी अपने अंदर सोख लें।

### क्या-क्या करता है नमक?

बता दें नमक एक नेचुरल इंग्रेडिएंट्स है, जिसे मॉइश्चर एब्जॉर्बर के नाम से भी जाना जाता है। इसलिए नमक का इस्तेमाल सब्जीस्टोर या फ्रेश रखने के लिए किया जा सकता है। अगर आप नमक रखेंगी, तो फफूंदी भी नहीं लगेगी और बैक्टीरिया भी खत्म हो जाएंगे।

### कौन-कौन सी सब्जियों के लिए काम आएगा ये हैक

आप हरी पत्तेदार सब्जियों के लिए नमक का इस्तेमाल कर सकती हैं जैसे पुदीना या हरा धनिया।।इससे सब्जियां गलती नहीं है। वहीं, भिंडी, टिंडा जैसी सब्जियों को भी स्टोर करने के लिए नमक का इस्तेमाल कर सकती हैं। इससे यह मुलायम नहीं होंगे और काम भी आसानी से हो जाएगा। पत्ता गोभी या फूलगोभी में बदबू नहीं आएगी, क्योंकि यह बैक्टीरिया नहीं पैदा हो पाते।

## कार्नर न्यूज

## बारिश के इस मौसम में आपके लिए है कई संदेश

# मानसून से जुड़े आम मिथक की जानिए हकीकत, सेहतमंद रहने का फार्मूला छिपा है इस मौसम में

मानसून का मौसम हर किसी को पसंद होता है, चिलचिलाती गर्मी से राहत पाने का एक सुखद समय आता है। मानसून की शुरुआत ताज़गी, मन की शांति और कई तरह के स्वास्थ्य संबंधी तनाव लेकर आती है। आइए मानसून से जुड़े कुछ आम स्वास्थ्य मिथकों और उन तथ्यों को जानें जो इस मौसम में आपको स्वस्थ रहने में मदद कर सकते हैं। मानसून से जुड़े इन मिथकों की वास्तविकता आपको मालूम होनी चाहिए।

### मिथक 1: ठंडा खाना खाने से बीमारी हो सकती है

ऐसा माना जाता है कि मानसून में ठंडे खाद्य पदार्थ खाने से सर्दी-जुकाम या गले में खराश होने का खतरा बढ़ जाता है । दरअसल, इन बीमारियों का कारण वायरस होते हैं, न कि खाने का तापमान। हालाँकि दूषित खाद्य पदार्थों से बचना अच्छा है, लेकिन आप साफ़, ठंडे भोजन का आनंद ले सकते हैं और यह पूरी तरह से सुरक्षित है।

### मिथक 2: बारिश में भीगने से हमेशा बीमारी होती है

लंबे समय तक बारिश में रहने से



शरीर का तापमान कम हो सकता है, लेकिन भीगने से बीमारी की गारंटी नहीं मिलती। कमज़ोर प्रतिरक्षा प्रणाली और वायरल व बैक्टीरियल संक्रमण बीमारी को बढ़ावा देते हैं। स्वस्थ रहने के लिए, अपनी प्रतिरक्षा प्रणाली को बेहतर बनाने पर ध्यान दें।

### मिथक 3: मच्छर साफ पानी में नहीं पनपते

यह मिथक स्वास्थ्य के लिए बेहद खतरनाक हो सकता है क्योंकि डेंगू फैलाने वाले मच्छर साफ़ और प्रदूषण रहित पानी में पनपते हैं। मच्छर गंदे और साफ़, ठहरे हुए पानी में भी पनप सकते हैं। मच्छरों के पनपने से रोकने के लिए अपने आस-पास के रुके हुए पानी की नियमित जाँच और सफ़ाई करें।

### मिथक 4: विटामिन सी मानसून के मौसम में बीमारी से बचाता है

विटामिन सी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाता है, लेकिन यह सभी बीमारियों का इलाज नहीं है। बारिश के मौसम में होने वाले आम संक्रमणों से बचने के लिए पर्याप्त पानी पीना सबसे आसान तरीका है। इसके अलावा, विभिन्न पोषक तत्वों से भरपूर संतुलित आहार समग्र स्वास्थ्य के लिए बेहद ज़रूरी है।

### मिथक 5: एयर कंडीशनिंग से संक्रमण फैलता है

आम धारणा के विपरीत, उचित रखरखाव वाले एयर कंडीशनर घर के अंदर की हवा की गुणवत्ता में सुधार करने में मदद करते हैं। इनमें



धूल, परागकणों और कीटाणुओं को पकड़ने वाले फ़िल्टर होते हैं। ये नमी को भी नियंत्रित करते हैं, जिससे फफूंदी और बैक्टीरिया की वृद्धि कम होती है। नियमित रखरखाव बेहद ज़रूरी है। सिस्टम को प्रभावी बनाए रखने के लिए फ़िल्टर साफ़ करें या बदलें और एयर डक्ट का नियमित निरीक्षण करें।

### मिथकः मानसून के दौरान उपवास करने से शरीर विषमुक्त हो जाता है


इस बात का कोई प्रमाण नहीं है कि उपवास शरीर से विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालता है। लीवर और गुर्दे प्राकृतिक रूप से विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालते हैं। उपवास करने के बजाय, ताज़ा और अच्छी तरह पका हुआ भोजन खाकर संतुलित आहार लें। हाइड्रेटेड रहें। यह शरीर की प्राकृतिक डिटॉक्स प्रक्रियाओं में मदद करता है और आपको मानसून के मौसम में स्वस्थ रखता है।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## हैथवे ने जाहिर की खुशी, कहा-जब तक उम्मीद खत्म नहीं हो जाती...

हॉलीवुड एक्ट्रेस ऐनी हैथवे तीसरी बार मां बनने वाली हैं। उन्होंने तीसरी बार प्रेंग्नेंसी के बारे में खुल कर बात की है। उन्होंने इस मामले को लेकर अपनी खुशी का इजहार किया है।



हॉलीवुड एक्ट्रेस ऐनी हैथवे ने 43 साल की उम्र में अपनी प्रेग्नेंसी के इमोशनल सफर के बारे में बात की है। उन्होंने कहा है कि उन्हें और उनके पति एडम शुल्मन को तीसरे बच्चे के बारे में पता चलने से पहले प्रेग्नेंसी की बहुत कम उम्मीद थी। 'द ओडिसी' के न्यूयॉर्क में प्रीमियर के दौरान हैथवे ने बताया कि क्यों उन्होंने हाल ही में एक शो में अपनी प्रेग्नेंसी को आखिरी पल में मिली सफलता कहा था।

द पीपल मैगजीन हैथवे ने कहा 'जब तक उम्मीद खत्म नहीं हो जाती, तब तक उम्मीद बनी रहती है, लेकिन जब आप एक खास उम्र में पहुंच जाते हैं, तो वह उम्मीद 1 से 2 प्रतिशत जैसी लगती है।' उन्होंने आगे कहा, 'हमने बस यह देखने का फैसला किया कि जिंदगी हमें कहां ले जाती है। हमने असलियत पर आधारित उम्मीद की, जो कि बहुत कम थी।'

ऑस्कर जीतने वाली एक्ट्रेस ने कहा कि वह और उनका परिवार इस प्रेग्नेंसी के लिए बहुत शुक्रगुजार हैं। हैथवे ने कहा 'हम बहुत खुश हैं क्योंकि हम अपने निजी अनुभव से जानते हैं कि हर किसी को यह मौका नहीं मिलता। खासकर तब नहीं जब आप इसे चाहते हैं। कभी-कभी तो यह मौका कभी नहीं मिलता।' प्रेग्नेंसी को आशीर्वाद बताते हुए उन्होंने कहा कि वह और शुल्मन एक और बच्चे का स्वागत करने के मौके को हल्के में नहीं लेते हैं।

### टॉलीवुड

## नितांशी गोयल ने पूरी की 'तक्षाकुड़' की शूटिंग, सेट से साझा की तस्वीरें

नितांशी गोयल ने अपनी अपकमिंग फिल्म 'तक्षाकुड़' को लेकर अपडेट दी है। उन्होंने सेट से कुछ तस्वीरें भी शेयर की हैं। इसके साथ उन्होंने एक बेहतरीन नोट लिखा है। फिल्म 'लापता लेडीज' फेम नितांशी गोयल अपनी अपकमिंग फिल्म 'तक्षाकुड़' को लेकर चर्चा में हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर जानकारी दी है कि इस फिल्म की शूटिंग पूरी हो गई है। उन्होंने सेट से कई बीटीएस तस्वीरें शेयर की हैं। नितांशी ने जो तस्वीरें शेयर की हैं उनमें देखा जा सकता है कि वह दुल्हन की तरह सजी हैं। एक दूसरी तस्वीर में वह कुत्ते के सिर से अपना सिर लगा रही हैं। एक और तस्वीर में वह आनंद देवरकोंडा के साथ पोज दे रही हैं। एक और तस्वीर में वह फिल्म की टीम के साथ नजर आ रही हैं।



तस्वीरें शेयर करते हुए नितांशी ने लिखा 'तक्षकुड़ की शूटिंग पूरी कर ली है। यह सफर बहुत अच्छा रहा। सेट पर हर दिन मैंने कुछ ऐसा सीखा जिसे अपने घर ले जा सकूं। बहुत अच्छी यादें बनाई। बहुत अच्छे लोग मिले। एक ऐसी भाषा सीखी, जिससे प्यार हो जाए। फिल्म में अपने किरदार के बहुत पास रहूंगी।

आपको बता दें कि नितार्शी गोयल की अपकमिंग फिल्म 'तक्षाकुड़' नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। इसमें वह 'करुणा' नाम की एक लड़की का किरदार निभा रही हैं। इसमें उनके साथ आनंद देवरकोंड़ा हैं। इसके निर्देशक विनोट अनंतोजु हैं।

### भोजपुरी

## कैमरे से महिलाओं को दिखाने के तौर-तरीकों पर निरहुआ- अच्छा और बुरा काम हर जगह

भोजपुरी एक्टर और नेता दिनेश लाल यादव यानी निरहुआ ने भोजपुरी सिनेमा में महिलाओं को वस्तु की तरह दिखाने और अश्लील कंटेंट को लेकर अपनी बात रखी है। उन्होंने कहा है- कुछ प्रोजेक्ट के आधार पर पूरी फिल्म इंडस्ट्री को आंकना गलत।



भोजपुरी एक्टर और नेता दिनेश लाल यादव उर्फ निरहुआ ने भोजपुरी सिनेमा को लेकर लंबे समय से हो रही आलोचनाओं पर अपनी बात रखी है। आलोचकों ने भोजपुरी सिनेमा में महिलाओं को वस्तु की तरह दिखाने और अश्लील कंटेंट को बढ़ावा देने जैसे आरोप लगाए हैं। इस पर निरहुआ ने कहा कि कुछ प्रोजेक्ट के आधार पर पूरी फिल्म इंडस्ट्री को आंकना गलत है।

निरहुआ ने कहा कि हर रीजनल और नैशनल फिल्म इंडस्ट्री अलग-अलग तरह का कंटेंट बनाती है और सिर्फ भोजपुरी सिनेमा को ही अलग करके नहीं देखा जाना चाहिए।

उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि हर इंडस्ट्री में हर तरह की फिल्में और हर तरह का कंटेंट बनता है जैसे बॉलीवुड, साउथ इंडियन सिनेमा, भोजपुरी सिनेमा और मराठी सिनेमा हैं। वैसे ही हर इंडस्ट्री दर्शकों के हर वर्ग की पसंद का ध्यान रखती है।'

भोजपुरी फिल्मों में ज्यादातर आपत्तिजनक कंटेंट होने के सवाल पर निरहुआ ने कहा, 'जब हम सिर्फ एक खास तरह के काम को ही दिखाते हैं तो ऐसा लगने लगता है कि वहां बस वैसा ही काम हो रहा है। यह सच नहीं है। अच्छा और बुरा काम हर जगह होता है।'

एक्टर ने इस बात पर भी जोर दिया कि कमियां हर इंडस्ट्री में होती हैं और उन्हें पूरी इंडस्ट्री की पहचान नहीं बनाना चाहिए। उन्होंने कहा, 'मैं एक बहुत अच्छी बात कहूंगा, 'लाख बुराइयां सबमें होती हैं। कोई भी इंसान कमियों से परे नहीं होता। ऐसा कोई बाग दिखा दीजिए जहां गुलाब में कांटे न हों।

## अमित की पसंद




मशहूर फैशन डिजाइनर अमित अग्रवाल को किसी दायरे में बांधा नहीं जा सकता और वो किसी दौड़ में शामिल होने वालों में से नहीं हैं। यहां तक कि वे खुद से या अपने पिछले कलेक्शन से भी प्रतिस्पर्धा नहीं कर रहे हैं। स्क्रैप यार्ड या हार्डवेयर स्टोर में मिली सामग्री से पहनावा तैयार करने के लिए जाने जाने वाले इस फैशन डिजाइनर ने बिल्कुल नए लेवल का कलेक्शन पेश किया है।

## हर दिन फाउंडेशन लगाना पड़ सकता है स्किन पर भारी

आज के समय में महिलाओं से लेकर पुरुष भी चेहरे पर फाउंडेशन का इस्तेमाल करते हैं। इसके लाभ तो हर कोई जानता है, हम आपको इसके नुकसान बताएंगे। सही से मेकअप करने से न सिर्फ चेहरा खूबसूरत बनता है बल्कि इस कारण आत्मविश्वास भी बढ़ता है। इसी वजह से आज के समय में न सिर्फ महिलाएं बल्कि पुरुष भी प्रतिदिन मेकअप का इस्तेमाल करते हैं। इससे चेहरे की कमियां छिप जाती हैं और चेहरा खिल जाता है।



मेकअप के अहम प्रोडक्ट्स की बात करें तो फाउंडेशन को सबसे खास माना है। इसे लोग अपनी-अपनी स्किन टोन के हिसाब से खरीदते हैं। ये चेहरे पर अच्छा बेस तैयार करता है। पर, क्या आप जानते हैं कि यही फाउंडेशन आपके चेहरे को काफी हद तक नुकसान पहुंचा सकता है। जी हां, फाउंडेशन मेकअप का जरूरी हिस्सा है, लेकिन इसे लंबे समय तक और रोज़ाना इस्तेमाल करने से त्वचा को कुछ नुकसान हो सकता है। खासकर अगर आप गलत प्रोडक्ट या बिना स्किन केयर के इस्तेमाल करें।

### पोर्स होंगे ब्लॉक

अगर आप प्रतिदिन चेहरे पर फाउंडेशन का इस्तेमाल करते हैं तो इससे स्किन के पोर्स धीरे-धीरे बंद होने लगते हैं। जिसकी वजह से स्किन पर पिंपल्स और ब्लैकहेड्स हो सकते हैं। कई बार तो इसकी वजह मुंहासों की समस्या काफी ज्यादा बढ़ भी जाती है, जो काफी दिक्कत देती है।

### एलर्जी और रैशेज

यदि आप सस्ते और लोकल फाउंडेशन का इस्तेमाल हर दिन अपने चेहरे पर कर रहे हैं तो ध्यान रखें कि कुछ फाउंडेशन में मौजूद केमिकल्स से एलर्जी, खुजली या रैश हो सकते है। ये दिक्कत सबसे ज्यादा उन लोगों को होती है, जिनकी त्वचा संवेदनशील त्वचा वालों को होता है।

### स्किन का संतुलन बिगड़ेगा

सस्ता फाउंडेशन हर दिन इस्तेमाल कर रहे हैं तो ध्यान रखें कि इसकी वजह से स्किन की नमी कम हो सकती है। कई मामलों में देखा गया है कि ज्यादा फाउंडेशन के इस्तेमाल से स्किन पर अतिरिक्त तेल भी जमने लगता है, जो आगे जाकर मुंहासों का कारण बनता है।

### त्वचा की प्राकृतिक चमक कम होना

हर दिन भारी मात्रा में फाउंडेशन का इस्तेमाल करने से चेहरे की चमक धीरे-धीरे कम होने लगती है। खासतौर पर अगर आप नियमित रूप से चेहरे पर किसी सस्ते से फाउंडेशन का इस्तेमाल करते हैं, तो इसकी वजह से आपका चेहरा डल होने लगता है।

### कम उम्र में एजिंग की शुरुआत

फाउंडेशन को सही से न हटाने की वजह से भी आपको एक बड़ी समस्या का सामना करना पड़ सकता है।

## चार चांद लगाएंगे कुर्ता-चूड़ीदार पायजामा के न्यू डिजाइंस



अगर आप किसी खास मौके पर शामिल होने के दौरान स्टाइलिश लुक चाहती हैं, तो आप कुर्ता और चूड़ीदार पायजामा का चुनाव कर सकते हैं। यह आपके लुक को ब्यूटीफुल टच देगा, साथ ही इसे पहनने के बाद आप भीड़ से भी अलग नजर आएंगे। हर खास मौके पर ब्यूटीफुल लुक पाने के लिए मेंस फैशन में पुरुष बेस्ट आउटफिट का चुनाव करते हैं। लेकिन, अगर आप अपने लुक को न्यू ट्विस्ट देना चाहते हैं, तो कुर्ता और चूड़ीदार पायजामा का चुनाव कर सकते हैं। इस तरह का आउटफिट न्यू और स्टाइलिश लुक पाने के लिए बढ़िया ऑप्शन है, और इसे आप ट्रेडिशनल लुक पाने के लिए कई खास मौकों पर स्टाइल किया जा सकता है। यह आउटफिट हर उम्र और बॉडी टाइप पर जंचेगा, और इसमें आप सुंदर व भीड़ से अलग नजर आएंगे। आपको कुछ नए डिजाइंस वाले कुर्ता-चूड़ीदार पायजामा देखना चाहिए। साथ ही, इन्हें स्टाइल करने की टिप्स भी जानना चाहिए। इस तरह का आउटफिट आप कई खास मौकों पर स्टाइल कर सकते हैं, और इसमें आपका लुक बेहद सुंदर नजर आएगा।





### फ्लोरल प्रिंट कुर्ता-चूड़ीदार पायजामा

अगर आप किसी फैमिली फंक्शन में शामिल हो रहे हैं और इस दौरान स्टाइलिश लुक चाहते हैं, तो आप फ्लोरल प्रिंट कुर्ता-चूड़ीदार पायजामा स्टाइल कर सकते हैं। यह आउटफिट फ्लोरल प्रिंट में आता है और इसमें आपका लुक अलग और सुंदर नजर आएगा। इस आउटफिट को आप ऑनलाइन या ऑफलाइन भी लगभग 1500 से 3000 रुपये की कीमत में कई सारे ऑप्शन के साथ आसानी से पा सकते हैं। इस आउटफिट के साथ आप फुटवियर में आप फ्लैट्स पहन सकते हैं। अगर आप किसी फंक्शन में शामिल हो रहे हैं और इस दौरान भीड़ से अलग नजर आना चाहते हैं, तो आप कलर ब्लॉक कुर्ता-चूड़ीदार पायजामा का चुनाव कर सकते हैं। यह आउटफिट आपके लुक को न्यू टच देने का काम करेगा और इसे स्टाइल करने के बाद आप अलग नजर आएंगे।

## घर पर पानी में इन्हें मिलाकर करें पेडिक्योर

यदि आपको भी पार्लर में जाकर हर बार पेडिक्योर कराने के लिए सोचना पड़ता है और आपको जाने में आलस भी आता है तो आपको कुछ ऐसी चीजों के बारे में जरूर जानना चाहिए जिसे आप पानी में मिक्स करके घर पर ही पार्लर जैसी चमक वाला पेडिक्योर कर सकती हैं। यदि आप घर पर ही पैरों में पेडिक्योर करके पार्लर जैसा ग्लो पाना चाहती हैं, तो आपको बस दो चीजों को पानी में मिक्स करके अपने पैरों को कुछ देर डालना है।



### पेडिक्योर करने का तरीका

इसके लिए आपको सबसे पहले पानी को गर्म कर लेना है। अब इस पानी में आपको शैंपू डालकर मिक्स करना है। इसके साथ ही आप पानी में नींबू और शहद भी डालकर मिक्स करें। अब आप इसमें थोड़ा ग्लिसरीन डालकर मिलाएं। इसके बाद आपको इस पानी में अपने पैरों को करीब 10 मिनट तक डुबोकर रखना है। अब आप पैरों को निकालकर ब्रश की मदद से डेड स्किन को हटाएं। इसके बाद करीब 5 मिनट तक पैरों को फिर उसी पानी में डालें। अब पैरों को पानी से बाहर निकालकर तौलिया से पोंछें। इसके बाद आप पैरों पर क्रीम से मालिश करें। आप देखेंगी आपके पैरों की स्किन काफी चमकदार हो जाएगी। और डेड स्किन भी इस हट जाएगी। साथ ही, आपके पार्लर जाने जा झंझट और पैसे भी बच जाएंगे। मैंने खुद घर पर इन तीन चीजों की मदद से अपने पैरों की स्किन को चमकदार बनाया है।

## मानसून में बालों की चमक ऐसे रहेगी बरकरार, अपनाएं कुछ जरूरी टिप्स

बारिश के मौसम में अक्सर बाल ड्राई और डैंड्रफ की वजह से खराब नजर आते हैं। ऐसे में जरूरी है कि आप सही हेयर केयर टिप्स का ध्यान रखें। ऐसा इसलिए क्योंकि सही टिप्स की मदद से ही आप बालों को सिल्की बना सकती हैं।



बारिश के मौसम में करें माइल्ड शैंपू का इस्तेमाल

आप अपने बालों वो हेल्दी रखने के लिए मानसून में माइल्ड शैंपू का इस्तेमाल करें। ऐसा इसलिए क्योंकि बारिश में स्कैल्प पर सबसे ज्यादा पसीना और धूल जमा हो जाती है। इसलिए माइल्ड शैंपू से बाल ज्यादा चिपचिपे भी नहीं होते हैं। साथ ही, इससे गंदगी भी साफ रहती है। इसे लगाने से आपके बालों में से एक्सट्रा ऑयल साफ हो जाता है और नेचुरल ऑयल की वजर से बाल सिल्की नजर आते हैं।

### सिल्की बालों के लिए लगाएं हेयर मास्क

आप अगर बालों को बारिश के मौसम में सिल्की रखना चाहती हैं, तो ऐसे में आप नेचुरली घर पर रखी चीजों से बने हेयर मास्क को अप्लाई करें। इसके लिए दही, शहद और एलोवेरा जेल को मिक्स करके एक हेयर मास्क बनाएं। इसे हफ्ते में 1 बार बालों में अप्लाई करें। इसे लगाने से बालों में नेचुरली शाइन आएगी। साथ ही, बाल फ्रिजी नजर नहीं आएंगे।

### टूल्स का न करें ज्यादा इस्तेमाल

आप बालों को सिल्की रखना चाहते हैं तो मानसून सीजन में हीट स्टाइलिंग टूल्स का इस्तेमाल कम करें। ऐसा इसलिए क्योंकि इससे आपके बाल ड्राई हो सकते हैं। साथ ही, उनकी नेचुरली नमी कम हो सकती है। ऐसे में ज्यादातर बाल दोमुंहे और ड्राई होते नजर आएंगे।

कार्नर न्यूज

### चेहरे की चमक के लिए जरूरी है फेशियल मसाज

## मेंस फैशन से पहले फेशियल मसाज के हैं कई फायदे, चेहरे पर छा जाएगी अलग रौनक

लंबे समय तक जवान और चमकदार दिखने के लिए, प्रीमियम स्किन केयर प्रोडक्ट्स के उपयोग के बारे में बहुत कुछ लिखा और कहा गया है। लेकिन, फेशियल केयर के लिए सख्त रूटीन पर बिल्कुल भी जोर नहीं दिया जाता है।

लेकिन, जो कोई भी एक्टिव रूप से अपनी स्किन की देखभाल करता है, उसे पता होगा कि यह केवल सतह पर आपके द्वारा की जाने वाली चीजें नहीं है, बल्कि वे भी हैं जो अंदर से बाहर की ओर काम करती हैं। सुंदरता जितनी बाहरी है उतनी ही आंतरिक प्रक्रिया होती है।

अगर आपको यही पसंद है तो सीरम और स्लीपिंग मास्क खरीदना भी जरूरी है, लेकिन यह न भूलें कि खुद को हाइड्रेट रखने और आपकी त्वचा के टिश्यू में रक्त के संचार को बढ़ाने जैसी बुनियादी आदतें, आपके स्किन केयर रूटीन गेम को बहुत आगे बढ़ा सकती हैं।

हर दिन कम से कम आठ गिलास पानी पीने से पहले भी स्किन की देखभाल की जा सकती है, जबकि बाद वाले में नियमित रूप से अपने चेहरे की मालिश करके पूरा किया जाता है।



हां, मसाज न केवल आपके हाथों और पैरों में, बल्कि आपकी फेशियल मसल्स में जकड़न को दूर करने के लिए एक प्रभावी वर्कआउट है। कुछ लोग इसे अपनी उंगलियों से करते हैं, जबकि अन्य कुछ लोग गुआ शा जैसे उपकरणों का उपयोग करते हैं। आप जो कुछ भी करेंगे, परिणाम आपको दिखाई देगा। इस आर्टिकल में हम आपको शेविंग के बाद फेशियल मसाज करने के 5 फायदों के बारे में जानकारी देंगे। इन फायदों के बारे में जानकर आप भी स्किन को हेल्दी और ग्लोइंग बनाए रख सकते हैं। फेशियल मसाज के कई फायदे हैं।


### ब्लड सर्कुलेशन मे सुधार

आपके शरीर की कोशिकाओं में ऑक्सीजन युक्त ब्लड की सप्लाई बढ़ने से उनकी मरम्मत और डैमेज से उबरने में मदद मिलती है। इसलिए, जब आप अपने चेहरे की मसाज करते हैं, तो जिन टिश्यूज में मुंहासे और दाग होते हैं, वे तेजी से ठीक हो सकते हैं। मसाज, स्किन संबंधी समस्याओं को ठीक करने के अलावा रोकथाम में भी मदद करती है। यह मुहांसों, झुर्रियों और महीन रेखाओं को दूर रखता है। यह आपके चेहरे को प्राकृतिक चमक देता है।

### साइनस में मिलता है लाभ

जब तक आप साइनसाइटिस के गंभीर मामले से पीड़ित नहीं हैं, तब तक मसाज आपके चेहरे में जमा पदार्थ लिक्विड फार्म में होने के कारण होने वाले जमाव का एक प्रभावी इलाज है। यह बलगम की निकासी को बढ़ावा देकर सिरदर्द और अन्य प्रकार की परेशानी को दूर करने में मदद करता है।

यदि आपको लगता है, कि गुआ शा जैसे टूल बहुत हार्ड और अब्रेजिव हैं, तो प्रभावित हिस्सों पर अपनी उंगलियों की ट्रिक्स का उपयोग करें। छाती और गर्दन को न भूलें, क्योंकि यहीं पर बहुत अधिक बलगम जमा हो जाता है।



### खुल जाएंगे बंद छिद्र

मसाज न केवल आपके चेहरे की कोशिकाओं में ब्लड सर्कुलेशन को बढ़ाती है, बल्कि आपके छिद्रों को बंद करने वाली धूल, गंदगी और मृत त्वचा को भी हटाती है। एक बार जब वे पूरी तरह से खुल जाते हैं, तो टोनर और मॉइस्चराइजर जैसे प्रोडक्ट्स कहीं ज्यादा आसानी से स्किन में उनका अवशोषण हो जाता है।